महानगर नई दिल्ली मंगलवार 8 अक्तूबर, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

### मोटर वाहन कानून के तहत अपराध होने पर

## आइपीसी में भी दर्ज हो सकता है मामला

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने जैसे अपराध करने वाले किसी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत भी मामला दर्ज किया जा सकता है क्योंकि दोनों कानून अपने-अपने क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से काम करते हैं।

न्यायालय ने कहा, 'तेजी से मोटरीकरण के बढ़ने के साथ ही भारत सड़क यातायात में लोगों के जख्मी होने और जान गंवाने के बढ़ते बोझ का सामना कर रहा है।' न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा और



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के पीठ ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के 22 दिसंबर, 2008 के आदेश को निरस्त कर दिया। हाई कोर्ट ने कहा था कि अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत तेज गति से वाहन चलाने, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने और अन्य संबंधित अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया है तो उसके खिलाफ आइपीसी के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है।

पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, 'हमारी सुविचारित राय में कानून की स्थिति स्थापित है। इस न्यायालय ने बार-बार कहा है कि जहां तक मोटर वाहनों का सवाल है तो मोटर वाहन अधिनियम, 1988 अपने-आप में पूरी संहिता है।' न्यायालय ने कहा, 'हालांकि, मोटर वाहन अधिनियम या अन्यथा किसी पर मोटर वाहन दुर्घटनाओं से संबंधित अपराध के लिए आइपीसी के तहत मुकदमा चलाने पर कोई रोक नहीं है।' शीर्ष अदालत ने कहा कि दोनों कानूनों के तहत अपराध के **बाकी पेज 8 पर**

### काले धन के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता

# भारत को मिला स्विस खाताधारकों का ब्योरा

नई दिल्ली/बर्न, 7 अक्तूबर (एजंसी)।

भारत को सूचनाओं के स्वचालित आदान-प्रदान (एईओआइ) की नई नियमित व्यवस्था के तहत स्विट्जरलैंड के बैंकों में भारतीय नागरिकों के खातों के पहले ब्योरे उपलब्ध करा दिए गए हैं। दोनों देशों के बीच सूचनाओं के स्वचालित आदान प्रदान की इस व्यवस्था से भारत को विदेशों में अपने नागरिकों द्वारा जमा कराए गए कालेधन के खिलाफ लड़ाई में काफी मदद मिलने की उम्मीद है।

स्विट्जरलैंड के संघीय कर प्रशासन (एफटीए) ने 75 देशों को एईओआइ के वैश्विक मानदंडों के तहत वित्तीय खातों के ब्योरे का आदान-प्रदान किया है। भारत भी इनमें शामिल है। एफटीए के प्रवक्ता ने एजंसी से कहा कि भारत को पहली बार एईओआइ ढांचे के तहत खातों के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। इसमें उन खातों की सूचना दी जाएगी जो अभी सक्रिय है। इसके अलावा उन खातों का ब्योरा भी उपलब्ध कराया जाएगा जो 2018 में बंद किए जा चुके हैं।

तकरीबन 100 से ज्यादा ऐसे खाताधारकों के बारे में भी सूचना मिली है जिन्होंने 2018 से पहले स्विस बैंकों में अपना खाता बंद **बाकी पेज 8 पर**



**बेहिसाब धन वालों की शामत आएगी!**

*विशेषज्ञों* का कहना है कि इन सूचनाओं के आधार पर भारत बेहिसाबी धन रखने वाले लोगों के खिलाफ अभियोजन का ठोस मामला बना सकता है। कई अधिकारियों ने कहा कि इस सूची में ज्यादातर उद्योगपतियों के नाम हैं। इनमें प्रवासी भारतीय भी शामिल हैं जो दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों, अमेरिका और ब्रिटेन के साथ कुछ अफ्रीकी और दक्षिण अमेरिकी देशों में बस चुके हैं।

### धन-शोधन मामले में उच्च स्तरीय समिति गठित

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर (भाषा)।

धन-शोधन से जुड़ी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने सोमवार को राजस्व सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय अंतर-मंत्रालयी समिति गठित की। सरकारी अधिसूचना के अनुसार इस समिति का काम धन शोधन को रोकने के लिए विभिन्न विभागों, मंत्रालयों और कानून अनुपालन एजंसियों के बीच समन्वय बनाना होगा।



इस समिति में 19 सदस्य हैं। इसमें वित्त मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के सचिव समेत पांच सचिव स्तर के अधिकारी हैं। इसके अलावा विभिन्न नियामकों और जांच एजंसियों के प्रमुख भी **बाकी पेज 8 पर**



*काले धन* के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चले अभियान और इस बाबत स्विस बैंकों पर बढ़ते जांच के दबाव की वजह से कई भारतीयों ने अपने खाते बंद करा लिए। एक दौर में स्विस बैंक काला धन जमा करने का सबसे सुरक्षित ठिकाना था।



*स्विट्जरलैंड* के संघीय कर प्रशासन ने 7,500 संस्थानों से ये आंकड़े जुटाए हैं। सबसे अधिक सूचनाओं का आदान-प्रदान जर्मनी को किया गया है।

### तालिबान ने अपने 11 सदस्यों के बदले तीन भारतीय बंधकों को रिहा किया

इस्लामाबाद, 7 अक्तूबर (भाषा)।

अफगान तालिबान ने अपने 11 सदस्यों के बदले में तीन भारतीय इंजीनियरों को रिहा किया है। इन इंजीनियरों को मई, 2018 में अगवा कर लिया गया था। अफगान शांति वार्ता को पुनर्जीवित करने के बीच सोमवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

अफगानिस्तान में सुलह के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि ज़लमी खलीलज़ाद ने मुल्ला अब्दुल गनी बरादर की अगुआई वाले तालिबान के प्रतिनिधिमंडल से सप्ताहांत के दौरान वार्ता की थी। इसके बाद भारतीय बंधकों को रिहा किया गया है। रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी को तालिबान के दो अधिकारियों ने रविवार को बताया कि बंधकों की यह अदला-बदली एक दिन पहले की गई। लेकिन इसको किस जगह अंजाम दिया गया, इसकी जानकारी उन्होंने नहीं दी।

*अफगानिस्तान* के उत्तरी बगलान प्रांत के बाग-शमाल इलाके से मई, 2018 में सात भारतीय इंजीनियरों और उनके अफगान चालक का अपहरण कर लिया गया था। वहां वे एक ऊर्जा संयंत्र में काम रहे रहे थे। उनके अपहरण की किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली थी।

अफगानिस्तान के उत्तरी बगलान प्रांत के बाग-शमाल इलाके से मई, 2018 में सात भारतीय इंजीनियरों और उनके अफगान चालक का अपहरण कर लिया गया था। वहां वे एक ऊर्जा संयंत्र में काम रहे रहे थे। उनके अपहरण की किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली थी। सात भारतीय बंधकों **बाकी पेज 8 पर**

## इमरान को नाखुश शहजादे से झटका

### पाक प्रधानमंत्री को दिया विमान वापस लिया

इस्लामाबाद, 7 अक्तूबर (भाषा)।

सऊदी अरब के वली अहद मोहम्मद बिन सलमान न्यूयॉर्क में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के कुछ क्रियाकलापों से इतना निराश हुए कि उन्होंने निजी विमान से पाकिस्तानी शिष्टमंडल को उतारने का आदेश देकर एक तरह से इमरान खान को झिड़क दिया।

शहजादा सलमान ने प्रधानमंत्री खान को पिछले महीने न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 74वें सत्र में शामिल होने और सप्ताह भर की यात्रा पर अमेरिका जाने के लिए अपना निजी विमान मुहैया कराया था।





खान रियाद गए थे और उन्होंने अमेरिका जाने से पहले शहजादा सलमान से बातचीत की थी। खबर आई थी कि खान जब 28 सितंबर को न्यूयॉर्क से इस्लामाबाद लौट रहे थे तो विशेष विमान में तकनीकी खामी आ गई। इसके कारण प्रधानमंत्री और उनके शिष्टमंडल को न्यूयार्क लौटना पड़ा और पाकिस्तान के लिए व्यावसायिक उड़ान लेनी पड़ी।

साप्ताहिक अखबार 'द फ्राइडे टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार वली अहद ने विमान को वापस बुला लिया था क्योंकि वह खान के कुछ क्रियाकलापों से खुश नहीं थे। वरिष्ठ पत्रकार नजम सेठी ने संपादकीय में लिखा, 'न्यूयार्क में पाकिस्तान के **बाकी पेज 8 पर**

### 'ग्रे लिस्ट' में पाक का नाम बरकरार रहने की संभावना

इस्लामाबाद, 7 अक्तूबर (भाषा)।

आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में पाकिस्तान का नाम एफएटीएफ के 'ग्रे लिस्ट' में ही बनाए रखने की संभावना है। ऐसा इसलिए कि एशिया पैसेफिक ग्रुप (एपीजी) की रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने पाकिस्तान को 'ग्रे लिस्ट' में शामिल करते वक्त जो 40 अनुशंसाएं की थीं, उनमें से उसने सिर्फ एक का पालन किया है। 'ग्रे लिस्ट' में पाकिस्तान को बरकरार या बाहर रखने पर फैसले को लेकर होने वाली एफएटीएफ की महत्त्वपूर्ण बैठक से दस दिन **बाकी पेज 8 पर**




## सुप्रीम कोर्ट ने आरे कॉलोनी में पेड़ कटाई पर रोक लगाई

नई दिल्ली/ मुंबई, 7 अक्तूबर (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई की आरे कॉलोनी में मेट्रो ट्रेन के डिब्बों का शेड बनाने के लिए और पेड़ काटे जाने पर फिलहाल रोक लगा दी है। इस बीच महाराष्ट्र सरकार ने स्वीकार किया कि जितने पेड़ काटने की जरूरत थी, पहले ही उनकी कटाई की जा चुकी है।

पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए कानून के छात्र ऋषभ रंजन ने प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को एक पत्र लिखा था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए विशेष पीठ **बाकी पेज 8 पर**




*विशेष* पीठ का यथास्थिति बनाए रखने का आदेश, अगली सुनवाई 21 अक्तूबर को

### स्थायी समिति को भेजा प्रवासी विवाह पंजीकरण विधेयक

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर (भाषा)।

प्रवासी भारतीय पुरुषों के लिए शादी के 30 दिन के भीतर विवाह के पंजीकरण को अनिवार्य बनाने के लिए लाए गए एक विधेयक को संसद की विदेश मंत्रालय की स्थायी समिति के पास भेज दिया गया है।

'प्रवासी भारतीय विवाह पंजीकरण विधेयक, 2019' में पासपोर्ट अधिकारियों को यह शक्ति दी गई है कि अगर कोई एनआरआइ अपनी शादी के 30 दिन के भीतर विवाह का पंजीकरण कराने में विफल रहता है तो उसके पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज को जब्त या **बाकी पेज 8 पर**

## अब पूर्व सांसदों के घर खाली कराएगी पुलिस

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर (भाषा)।

आवास व शहरी मामलों के मंत्रालय ने लुटियन दिल्ली स्थित सरकारी बंगले खाली नहीं कर रहे पूर्व सांसदों के घर पुलिस की मदद से जबरन खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मंत्रालय के संपदा विभाग ने सरकारी आवास के आबंटन की पात्रता नहीं रखने वालों से आवास सख्ती से खाली कराने के लिए हाल ही में संशोधित सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम के तहत सोमवार को सख्ती से बेदखली की कार्रवाई शुरू की। इसके तहत पूर्व सांसद हरि मांझी के नॉर्थ एवेन्यू स्थित आवास सहित तीन आबंटियों के घर पुलिस की मदद से बुधवार को खाली कराने का आदेश जारी किया गया है।

*पूर्व* सांसद हरि मांझी के नॉर्थ एवेन्यू स्थित आवास सहित तीन आबंटियों के घर पुलिस की मदद से बुधवार को खाली कराने का आदेश जारी किया गया है।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि आवास खाली करने के नोटिस का तीन दिन में पालन नहीं करने या इसका उचित कारण नहीं बताने पर **बाकी पेज 8 पर**

## संपत सिंह ने भी कांग्रेस छोड़ी, भाजपा में जाने की अटकलें

हिसार, 7 अक्तूबर (भाषा)।

हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर संपत सिंह ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा देते हुए आरोप लगाया कि पार्टी में उन्हें उचित स्थान नहीं मिला। दो दिन पहले ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर भी पार्टी से इस्तीफा दे चुके हैं।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, 'मैंने कांग्रेस छोड़ दी है।' बहरहाल उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह भाजपा में शामिल होंगे या किसी अन्य दल में जाएंगे। हालांकि सिंह ने कहा कि वह सुनिश्चित करेंगे कि हिसार में कांग्रेस उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाए। हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए 21 अक्तूबर को होने वाले चुनाव से महज दो हफ्ते पहले वरिष्ठ नेता ने पार्टी छोड़ने का निर्णय किया। पूर्ववर्ती इनेलो **बाकी पेज 8 पर**



*हालांकि* संपत सिंह ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह भाजपा में शामिल होंगे या किसी अन्य दल में जाएंगे

## पर्यटकों के लिए जारी सुरक्षा परामर्श वापस लेने का निर्देश

श्रीनगर, 7 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सोमवार को दो महीने से चले आ रहे उस परामर्श को वापस लेने का निर्देश दिया जिसमें पर्यटकों को घाटी छोड़ने के लिए कहा गया था।

एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा, 'राज्यपाल ने निर्देश दिया कि पर्यटकों को घाटी **बाकी पेज 8 पर**



*राज्यपाल* ने परामर्श वापस लेने का निर्देश दिया

### सभी बंदियों की बिना शर्त रिहाई हो : फारूक

श्रीनगर, 7 अक्तूबर (भाषा)।



नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने राज्य में कोई भी राजनीतिक प्रक्रिया शुरू करने के लिए अनुच्छेद 370 समाप्त किए **बाकी पेज 8 पर**

### दरअसल




**दारूल उलूम देवबंद से जुड़े मुफ्ती ने कहा, जो किया वह हराम है** | **विवाद** | **शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा, इसमें कोई दिक्कत नहीं**

## नुसरत ने लिया दुर्गा पूजा में हिस्सा, मुफ्ती ने कहा बदल लें धर्म

कोलकाता, 7 अक्तूबर (भाषा)।

तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य नुसरत जहां के दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल होने की आलोचना एक मुसलिम धर्म गुरु ने की है। उनका कहना है कि सांसद को अपना नाम और धर्म बदल लेना चाहिए क्योंकि वह अपने कार्यों से इस्लाम और मुसलिमों को बदनाम कर रही हैं।

बशीरहाट से पहली बार सांसद निर्वाचित हुई जहां शादी के बाद से हिंदू प्रतीकों जैसे 'मंगलसूत्र' और 'सिंदूर' का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने इस साल उद्यमी निखिल जैन से शादी की है। दारूल उलूम देवबंद से जुड़े मुफ्ती असद कासमी ने टीवी समाचार चैनलों से कहा, 'यह नया नहीं है। वह हिंदू देवी-देवताओं की पूजा कर रही थीं जबकि इस्लाम में मुसलमानों को सिर्फ अल्लाह की इबादत करने का आदेश है। उन्होंने जो किया वह हराम (पाप) है। उन्होंने अपने धर्म से बाहर शादी की है। उन्हें अपना नाम और धर्म बदल लेना चाहिए। इस्लाम में ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है जो मुसलिम नाम रखें और इस्लाम और मुसलमानों को बदनाम करें।'



*यह* नया नहीं है। वह हिंदू देवी-देवताओं की पूजा कर रही थीं जबकि इस्लाम में मुसलमानों को सिर्फ अल्लाह की इबादत करने का आदेश है। उन्होंने जो किया वह हराम (पाप) है। उन्होंने अपने धर्म से बाहर शादी की है। उन्हें अपना नाम और धर्म बदल लेना चाहिए। इस्लाम में ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है जो मुसलिम नाम रखें और इस्लाम और मुसलमानों को बदनाम करें।
*-मुफ्ती असद कासमी, दारूल उलूम देवबंद*

रविवार को साड़ी में नजर आईं जहां ने सुरूची संघा में अपने पति के साथ दुर्गा पूजा उत्सव में हिस्सा लिया। एक पुजारी द्वारा मंत्रोच्चार के दौरान जहां द्वारा भी उसका जाप करते हुए टीवी चैनलों पर दिखाया गया। इस दौरान वह पूजा वाली मुद्रा में थीं। उन्होंने यहां ढोल भी बजाया और नृत्य किया। बाद में जहां ने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने सभी की शांति और समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना की।

उन्होंने कहा, 'हम बंगाल में सभी त्योहारों को उत्साह से मनाते हैं। मुझे हमेशा किसी उत्सव का हिस्सा होना अच्छा लगता है।' जब उनसे दुर्गा पूजा में हिस्सा लेने पर ताजा विवाद पैदा होने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह विवादों के बारे में नहीं सोचती हैं। देवबंद के मौलाना की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया करते हुए उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि जहां सिंदूर, बिंदी और मंगलसूत्र जैसे हिंदू प्रतीकों का इस्तेमाल करने के लिए स्वतंत्र हैं क्योंकि इस्लाम इन चीजें से किसी को नहीं रोकता है। इसमें कोई दिक्कत नहीं है।

## खबरों में शहर

### प्लास्टिक जागरूकता के लिए चित्रकला प्रतियोगिता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अक्तूबर।

कन्हैया नगर क्षेत्र में महर्षि दयानंद पार्क श्री केशवपुरम धार्मिक रामलीला कमेटी के परिसर में केशवपुरम के जिला उपाध्यक्ष मंजीत सिंह की ओर से प्लास्टिक मुक्त अभियान का संदेश देने के लिए बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजना किया। प्रतियोगिता में लगभग 4 हजार बच्चों ने भाग लिया और अपनी चित्रकला के द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन, स्थानीय पार्षद संजय शर्मा, भाजपा के संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, जिला अध्यक्ष रोशन कंसल व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि बच्चों में प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ जो भावना है उससे समाज को सीख लेनी चाहिए। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों की एक प्रदर्शनी लगाई जानी चाहिए ताकि लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारें में बताया जा सके।

### संजीव कुमार और टेकचंद की कहानी पर बहस

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अक्तूबर।

आलोचक और कथाकार संजीव कुमार और युवा कथाकार टेकचंद ने कथा-कहानी के मासिक आयोजन में अपनी कहानियों का पाठ किया और दोनों कहानियों पर धुंआधार बहस हुई। संजीव कुमार ने घोंघा और टेकचंद ने रामा-श्यामा का पाठ किया। इन कहानियों पर बात करते हुए वरिष्ठ आलोचक ज्योतिष जोशी ने संजीव की कहानी को प्रायश्चित की कहानी बताया और स्पष्ट किया यह रचनाकार की ओर से समाज का प्रायश्चित है। उन्होंने कहा ऐसी कहानी लिखने में संजीव कुमार को खुद को निश्चित ही तोड़ना पड़ा होगा। टेकचंद की कहानी को उन्होंने हिंदू-मुस्लिम सौमनस्य की कहानी बताते हुए कहा कि वे हमारे नागरिक धर्म का प्रश्न उठाते हैं। इन दोनों कहानियों पर चंचल चौहान, द्वारिका प्रसाद चारुमित्र, महेश दर्पण, योगेंद्र आहूजा, अंजली देशपांडे, राजीव कुंवर, रजनी दिसोदिया, अनुराधा गुप्ता, रचना त्यागी, राजेश तिवारी, हरियश राय और रश्मि रावत ने विचारोत्तेजक चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन कथाकार राकेश तिवारी ने और धन्यवाद ज्ञापन रचना त्यागी ने किया। इस मौके पर नूर जहीर, विवेकानंद, बली सिंह, प्रेम तिवारी, सुभाष अखिल, प्रमोद सिंह, अतुल कुमार, सत्येंद्र श्रीवास्तव, नवनीत नीरव, अनुपम भट्ट, अनुपम त्रिपाठी, सतीश सरदाना सहित कई वरिष्ठ और युवा रचनाकार, शोधार्थी और रंगकर्मी मौजूद थे।

### उत्तरी निगम के 48 सफाई कर्मचारी नियमित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अक्तूबर।

उत्तरी दिल्ली के मेयर अवतार सिंह ने सोमवार को निगम के मुख्यालय में नियमित होने वाले 48 सफाई कर्मचारियों को नियमितीकरण पत्र दिए। इस अवसर पर स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश, पूर्वी दिल्ली के पूर्व मेयर हर्ष मल्होत्रा व निगम के अधिकारी मौजूद रहे। मेयर सिंह ने कहा कि हम निरंतर निगम और सफाई कर्मचारियों से किए हर वादे को पूरा कर रहे हैं। स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश ने कहा कि सफाई कर्मचारी निगम की रीढ़ की हड्डी हैं और इनसे ही निगम की पहचान है।

## आज के कार्यक्रम

### प्रदर्शनी

**ऑल इंडिया फाइन आर्ट एंड क्राफ्टस सोसाइटी** : डॉ जूही शुक्ला की कला प्रदर्शनी, सोसाइटी परिसर, 1, रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से।

दिल्ली से गायब हुए युवक के मामले में बड़ा खुलासा

# हत्या कर अलवर में दफनाया शव, आठ साल बाद बरामद

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अक्तूबर।

करीब आठ साल पहले दिल्ली से गायब हुए युवक के मामले में पुलिस को पता चला है कि उसकी हत्या करके उसे राजस्थान के अलवर में दफनाया गया था। पुलिस ने युवक का कंकाल बरामद किया है। हत्या के इस मामले में सभी बिदुंओं से जांच के बाद यह बात सामने आई है कि मुख्य आरोपी के साथ युवक की पत्नी के संबंध थे और पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कराई थी। इस मामले में पुलिस ने अलवर के कमल सिंगला और उसके चालक गणेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला की तलाश की जा रही है। गणेश कुमार बिहार का रहने वाला है।

जांच के दौरान अपराध शाखा को अलवर के टपूकड़ा निवासी कमल सिंगला की भूमिका की सूचना मिली। लेकिन पिछले कई साल तक हर बार वह पूछताछ में वह खुद को इस मामले में किनारे करता रहा। मामले में झूठ बोलने वाली मशीन से भी जांच हुई। पिछले दिनों कमल सिंघला का नार्को टेस्ट कराया गया तो सामने आया कि उसने रवि की पत्नी के साथ मिलकर उसकी हत्या को अंजाम दिया। दोनों ने ड्राइवर के साथ मिलकर दिल्ली में वारदात को अंजाम दिया और शव को बोरी में डाल टपूकड़ा के सुनसान इलाके में दफना दिया। उस समय वहां जंगल था लेकिन अब आबादी बस गई है।कमल सिंगला और मृतक रवि की पत्नी शकुंतला टपूकड़ा के ही रहने वाले हैं। कमल का बिल्डिंग मेटेरियल और ट्रांसपोर्ट का कारोबार था। पुलिस के मुताबिक, 2010 में कमल ने टपूकड़ा में घर बनाया और फिर शकुंतला के पड़ोस में रहने के कारण दोनों के बीच अवैध संबंध बन गए। लेकिन इसी बीच महिला का विवाह हो गया। विवाह के बाद भी यह संबंध बरकरार रहा। आरोप है कि रवि को शक हुआ तो कमल ने गणेश के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई और फिर शकुंतला के साथ मिलकर रवि की हत्या कर शव को अलवर में दफना दिया। गिरफ्तार कमल सिंघला की निशानदेही पर शनिवार को उस स्थान की खुदाई कराई गई जहां रवि के शव को दबाया गया था। खुदाई में 27 हड्डियां बरामद हुई हैं। वहीं शकुंतला इस समय फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

**यह था मामला**

अपराध शाखा के अतिरिक्त आयुक्त बीके सिंह के मुताबिक, दिल्ली के कापसहेड़ा पुलिस थाने में 2011 में जय भगवान नामक व्यक्ति ने अपने बेटे रवि कुमार और बहु शकुंतला के गायब होने की शिकायत दर्ज कराई थी। तब कहा गया था कि दोनों अपने रिश्तेदार से मिलने समालखा गए थे लेकिन वापस नहीं लौटे। पुलिस को शकुंतला ने बताया कि पति रवि उसे रिश्तेदार के पास छोड़कर यह बोलकर गया कि वह पांच मिनट में वापस आ रहा है लेकिन वह वापस नहीं लौटा। पहले गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई और बाद में मामला गंभीर होने के कारण जांच अपराध शाखा को सौंप दी गई थी।

# नोएडा प्रवेश द्वार को जाम मुक्त बनाने पर फिर काम शुरू

- निर्माण के दौरान यातायात प्रबंधन, निर्माण प्रगति की निगरानी के लिए सलाहकार कंपनियों से मांगे आवेदन
- 42 महीने में काम पूरा करने का है लक्ष्य, चिल्ला से महामाया फ्लाईओवर तक बनेगा उपरिगामी मार्ग

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 7 अक्तूबर।

अक्षरधाम से नोएडा होते हुए ग्रेटर नोएडा जाने का रास्ता लाल बत्ती मुक्त करने के लिए चिल्ला एलिवेटेड (उपरिगामी) मार्ग का निर्माण किया जाना है। इसके लिए सलाहकार कंपनी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह कंपनी करीब साढ़े तीन साल की निर्माण अवधि के दौरान यातायात व्यवस्था व निर्माण प्रबंधन करेगी। प्राधिकरण इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना पर जनवरी, 2020 से निर्माण शुरू कराना चाहता है। सलाहकार कंपनी के लिए प्राधिकरण ने आरएफपी जारी कर सलाहकार कंपनियों से आवेदन मांगे हैं। इससे नोएडा प्रवेश द्वार पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी।

मयूर विहार फेज-1 से आगे नोएडा प्रवेश द्वार को लाल बत्ती मुक्त बनाने के लिए चिल्ला से एलिवेटेड रोड बनाई जानी है, जो महामाया फ्लाईओवर तक जाएगी। इस परियोजना का शिलान्यास उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर चुके हैं। कई महीनों पहले इसका निर्माण कार्य शुरू होना था लेकिन दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर के आलावा पीडब्लूडी के एक अन्य एलिवेटेड कॉरिडोर एवं चिल्ला एलिवेटेड परियोजना के आपस में टकराने की वजह से यह काम रुक गया था। यह कॉरिडोर चिल्ला एलिवेटेड परियोजना से करीब 12-15 मीटर की ऊंचाई पर टकरा रहा था। ऐसे में यूनिफाइड ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्र (यूटीटीआइपीईसी) ने पीडब्लूडी और प्राधिकरण, दोनों को एलिवेटेड परियोजना को दोबारा डिजाइन (रि-डिजाइन) करने को कहा था। बताया गया है कि यूटीटीआइपीईसी ने नोएडा एलिवेटेड परियोजना को मंजूरी दे दी है। अब इसके डिजाइन को एनसीआर प्लानिंग बोर्ड भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाना है। निर्माण शुरू होने के बाद सबसे व्यस्त इस मार्ग पर यातायात प्रबंधन, जाम से निपटने की कार्ययोजना, तय समय पर निर्माण सुनिश्चित कराने के लिए सलाहकार कंपनी का चयन किया जा रहा है। सलाहकार कंपनी उक्त कार्यों के अलावा निर्माण कार्य की प्रतिदिन प्रगति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराएगी। साथ ही परियोजना का पर्यवेक्षण भी करेगी।

## पंद्रह रुपए के चक्कर में लगा बीस हजार का चूना

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 7 अक्तूबर।

मोबाइल ऐप से घर पर खाना मंगाने पर युवक को 20 हजार रुपए की चपत लग गई। पीड़ित युवक के खाना ऑर्डर करने के दौरान ऑनलाइन 15 रुपए ज्यादा चले गए। उसने रुपए वापस मांगे। करीब चार घंटे बाद पीड़ित के मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन किया और उन्हें एक संदेश भेजकर लिंक डाउनलोड कर खाते का ब्योरा देने को कहा। इस बीच ठगों ने पीड़ित युवक के खाते से करीब 20 हजार उड़ा लिए। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-24 पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित हर्षित सेक्टर-78 स्थित एक सोसायटी में रहता है। रविवार शाम को हर्षित ने खाना आर्डर किया था। जिसमें उन्हें 15 रुपए वापस लेने थे। इसके लिए हर्षित ने हेल्पलाइन पर फोन किया। हेल्पलाइन पर फोन करने पर किसी ने उठाया नहीं। उसके करीब चार घंटे बाद उनके पास फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि उनके रुपए वापस मिल जाएंगे, इसके लिए कंपनी की तरफ से उन्हें एक लिंक भेजा जाएगा। इसमें वह अपने खाते का पूर्ण विवरण भरकर भेजे।

## पिता के सामने बेटे की हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार


जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अक्तूबर।

अमन विहार पुलिस ने पिता के सामने बेटे की चाकू घोंपकर की गई हत्या के मामले की गुत्थी सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने मामले में मृतक राजकुमार के दोस्त मोनू (22) और सहयोगी चदंन (22) को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी किराड़ी के रहने वाले है। पुलिस की माने तो आरोपी मोनू मेंहदी की आपूर्ति करता था। इस दौरान उसके संपर्क में एक युवती आई और वह उससे प्यार करने लगा। उसने युवती की मुलाकात अपने दोस्त राजकुमार से भी कराई। राजकुमार से मुलाकात के बाद युवती उसकी दोस्त बन गई। इसके बाद वह मोनू से दूरियां बनाने लगी। यह मोनू को नागवार गुजरा और आरोप है कि उसने राजकुमार की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू व खून से सने कपड़े बरामद किए है।

जिला पुलिस उपायुक्त एसडी मिश्रा ने बताया कि 29 सितंबर को किराड़ी निवासी गिरिराज खाना खाने के बाद अपने बेटे राजकुमार व दो दोस्त जितेंद्र और विकास के साथ गली में टहल रहे थे। इसी दौरान उनके पास मोनू आया और राजकुमार को बात करने के बहाने एक तरफ ले गया। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर हाथापाई हो गई। हाथापाई में दौरान मोनू ने राजकुमार को धक्का दे दिया। उसके पिता गिरिराज, जितेंद्र और विकास मौके पर पहुंचे। इससे पहले वे मोनू को रोक पाते। तब तक मोनू राजकुमार के पेट में चाकू घोंप चुका था। घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## ‘24 रुपए किलो वाला प्याज खरीद 40 के भाव बेच रहे आढ़ती’

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अक्तूबर।



प्याज की जमाखोरी को लेकर प्रधानमंत्री को आजादपुर सब्जी मंडी की प्याज व आलू की एसोसिएशन ने पत्र लिखा गया है। पत्र में प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया है कि आजादपुर के बड़े आढ़तियों द्वारा जो प्याज की जमाखोरी की जा रही है उसपर कार्रवाई की जाए। एसोसिएशन अध्यक्ष बिशंबर नारंग ने पत्र में यह बात भी कही है कि नेफेड कंपनी द्वारा सरकार जो प्याज 24 रुपए प्रतिकिलो से जनता तक पहुंचाने की कोशिश कर रही है, उस प्याज को भी आढ़ती खरीदकर जमाखोरी को अंजाम दे रहें हैं। बाद में इसी प्याज को 40 रुपए प्रतिकिलो के दाम पर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। पिछले 2 महीनों से आढ़तियों द्वारा प्याज की जमाखोरी हो रही है।

## ट्रैक्टर से गिरा बच्चा पहिए के नीचे आया, मौत

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 7 अक्तूबर।

सेक्टर-16 स्थित जेजे कॉलोनी में चालक की लापरवाही से 12 साल के बच्चे की ट्रैक्टर के पहिए की चपेट में आने से मौत हो गई। बच्चा ट्रैक्टर पर ही बैठा था। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने चालक पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।सेक्टर-16 जेजे कॉलोनी में रहने वाली मुन्नी ने बताया कि वह और उसका पति मजदूरी कर परिवार का गुजारा करते हैं। महिला का 12 साल का बेटा साजिद कॉलोनी के ही सरकारी स्कूल की चौथी कक्षा में पढ़ता था। साजिद रविवार शाम करीब तीन बजे बाजार गया था। चार बजे वह अन्य बच्चों के साथ बाजार से घर वापस आ रहा था। इसी बीच उसके पड़ोस में रहने वाला जाहिद ट्रैक्टर लेकर आया।

ट्रैक्टर पर साजिद समेत अन्य बच्चे चढ़ गए। आरोप है कि जाहिद तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चला रहा था। जब वह सेक्टर-16 गेट के सामने से निकल रहा था, तो तेज गति के चलते साजिद नीचे गिर गया और पहिए के नीचे आकर कुचल गया। परिजनों समेत अन्य लोगों ने साजिद को जिला अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत बिगड़ते देख डॉक्टरों ने दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया। देर रात उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई।

## इनामी हत्यारा पुलिस के हत्थे चढ़ा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अक्तूबर।

अपराध शाखा ने 2011 के दोहरे हत्याकांड के 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश को उत्तरप्रदेश के फतेहपुर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कामता प्रसाद किसान परिवार में पैदा हुआ। सातवीं तक पढ़ाई के बाद वह गांधीनगर में अपने साथी सुनील से मिलने आया। यहीं उसने अनिल तिवारी और दीपक राय की हत्या में आरोपी बन गया। शाखा के उपायुक्त राजेश देव के मुताबिक साल 2011 में गांधीनगर थाना में हत्या का मामला दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता की कपड़े की फैक्टरी थी जहां दीपक राय और अनिल तिवारी काम करते थे। 30 अक्तूबर 2011 को जब मालिक दुकान पर पहुंचा तो देखा कि दोनों ने अन्य साथी कर्मचारियों का गला काटकर हत्या कर दी गई थी।

## बिना गलती के भाजपा ने बर्खास्त किया : पूर्व महापौर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अक्तूबर।

भाजपा से बर्खास्त की गईं दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की पूर्व महापौर सरिता चौधरी ने सोमवार को पार्टी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उन्हें बगैर गलती के सजा दी गई है। चौधरी ने दावा किया कि प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने बिना उनका पक्ष सुने ही पार्टी से उनकी बर्खास्तगी का फैसला दिया है।

ऐसा आरोप है कि पिछले महीने पंत मार्ग स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में चौधरी को उनके पति और महरौली जिला के पूर्व अध्यक्ष आजाद सिंह ने थप्पड़ मारा था। इस दौरान पार्टी की बैठक थी और उसकी अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर कर रहे थे। पूर्व महापौर और उनके पति के बीच हुए झगड़े के बाद भाजपा ने यह निर्णय लिया था। दंपति के बीच तलाक का मामला चल रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने अनुशासनहीनता का हवाला देते हुए आजाद सिंह और सरिता चौधरी को पार्टी से बर्खास्त कर दिया था। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी नेताओं से न्याय और मेरा आत्मसम्मान बहाल करने का आग्रह करती हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस उनके पति के खिलाफ कई मामले दर्ज होने के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रही है और न ही उन्हें गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। इस पूरे मामले में प्रदेश भाजपा नेताओं की तरफ से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

[परिशिष्ट- IV ए (नियम 8(6)/9(1) का प्रावधान देखें)]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के परंतुक 8 (6)/9 (1) के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों और गारंटरों को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी गई निम्नवर्णित अचल सम्पत्तियां, जिनका भौतिक कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रत्याभूत क्रेडिटर) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, निम्नवर्णित कर्जदारों तथा गारंटरों से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (प्रत्याभूत क्रेडिटर) नीचे उल्लिखित बकाया राशि की वसूली के लिए संविदात्मक ब्याज और लागत आदि पर आगे ब्याज के साथ "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है", "जो भी है वहां है" आधार पर 24-10-2019 (गुरुवार) को बेची जाएगी। नीलामी का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | प्रत्याभूत क्रेडिटर का नाम, एवं पता / प्राधिकृत अधिकारी का विवरण | ऋणी/गारंटर का नाम | अचल संपत्ति का विवरण | ऋण देय | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आनंद विहार ब्रांच, सी-8, आनंद विहार, नई दिल्ली - 110092, फो.न. 011-22157101, ईमेल: anandvihar@unionbankofindia.com / श्री पंकज कुमार 7738313367 | मैसर्स परफेक्ट मार्केटिंग श्री ललित बत्रा श्रीमती पूजा बत्रा | पूजा बत्रा पत्नी ललित बत्रा में दूसरा तल, ए-144, झिलमिल कॉलोनी, शाहदरा, नई दिल्ली में आवासीय संपत्ति जिसका सुपर कवर क्षेत्र 720 वर्ग फीट है, और चौहद्दी : उत्तर - सर्विस लेन; दक्षिण - रोड; पूर्व - संपत्ति सं. ए-145, पश्चिम - संपत्ति सं. -143 | रु. 35,87,716.48 पैसे + ब्याज एवं लागत | रु. 31,50,000/- / रु. 3,15,000/- |
| 2. | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आनंद विहार ब्रांच, सी-8, आनंद विहार, नई दिल्ली - 110092, फो.नं. 011-22157101, ईमेल: anandvihar@unionbankofindia.com / श्री पंकज कुमार 7738313367 | मैसर्स पाल इंजीनियरिंग कंपनी श्री जसबीर सिंह श्रीमती रविंदर कौर | श्रीमती रविंदर कौर के नाम में मुकुंद नगर कॉलोनी गाजियाबाद (उ.प्र.) में स्थित आवासीय संपत्ति सं. 234, पहली और दूसरी मंजिल (छत के साथ) माप प्रत्येक तल पर 866.00 वर्ग फीट | रु. 1,57,91,617.14 पैसे + ब्याज एवं लागत | रु. 73,00,000/- / रु. 7,30,000/- |
| 3. | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शालीमार बाग ब्रांच 26/28, डीडीए कमर्शियल काम्प्लेक्स, बीक्यू ब्लॉक, नई दिल्ली- 110088 फोन: 011-27115362, 27463217 ईमेल: shalimarbagh@unionbankofindia.com / श्री पी एल मीना - 9604455925 | मैसर्स सनराइज सेल्स लिमिटेड श्री [illegible] सिवानी श्रीमती अंजू सिवानी और अन्य | [illegible] सिवानी पुत्र श्री [illegible] लाल और श्रीमती अंजू सिवानी पत्नी श्री [illegible] सिवानी के नाम में [illegible] चौक के निकट, सैनिक कॉलोनी, [illegible] रोहतक के भीतर स्थित दो मंजिला आद्योगिक व्यावसायिक संपत्ति कुल भूमि माप 2650 वर्ग गज जो न्यूनतम मुस्तील किला नंबर 20/3-8-12-13-16-23, [illegible] में शामिल है। | रु. 16,47,13,118.32 पैसे + ब्याज एवं लागत | रु. 4,25,00,000/- / रु. 42,50,000/- |

बैंक को ज्ञात संपत्ति के बारे में जानकारी का विवरण: कोई नहीं

ऑनलाइन ई-नीलामी वेबसाइट: www.bankeauctions.com के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।
संपर्क सूत्र - विनोद, मोबाइल सं. +91-9813887931, हेल्प लाइन सम्पर्क सं. +91-1244302020-24, ई-मेल आईडी: support@bankeauctions.com

ई-नीलामी की तिथि: 24.10.2019 (गुरुवार) पूर्वाह्न 11.00 बजे से अप. 1.00 बजे के मध्य
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 23.10.2019 (बुधवार) या उससे पहले शाम 5.00 बजे तक

बिक्री के नियम और शर्तों के लिए, कृपया दिए गए लिंक का संदर्भ लें., www.unionbankofindia.co.in
इसे उपरोक्त निर्दिष्ट तिथि को ई-नीलामी के बिक्री के आयोजन के बारे में निम्न कथित ऋण के कर्जदारों तथा गारंटीदाताओं के लिए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 8 (6) एवं नियम 9 (1) के अंतर्गत सूचना के रूप में भी समझा जाएगा।

प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

बिसरख गांव में अब भी है रावण की दहशत

# अनिष्ट के डर से यहां नहीं होता रामलीला मंचन और पुतला दहन

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 7 अक्तूबर।

बिसरख में विजयदशमी के अवसर पर रामलीला मंचन व रावण दहन नहीं किया जाता है। बताया जाता है कि रावण दहन को यहां पर अनिष्ट का प्रतीक माना जाता है। करीब 50-60 साल पहले यहां रामलीला मंचन का प्रयास किया गया था। इस दौरान गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस घटना को महज संयोग मानकर कुछ साल बाद दोबारा मंचन कराया गया, तब लीला के एक पात्र की मौत हो गई। साथ ही कई जगहों पर आग लगने की घटनाएं हुई। तब से यहां के लोगों ने रामलीला मंचन और रावण दहन से दूरी बना ली।

नोएडा से करीब 15 किलोमीटर दूर बिसरख गांव है। इसे रावण का गांव या रावण धाम से जाना जाता है। बिसरख में बने रावण मंदिर के पुजारी अशोका नंद बताते हैं कि रावण के पिता विश्रृवा ब्राह्मण थे। उन्होंने राक्षसी राजकुमारी कैकसी से शादी की थी। रावण के अलावा कुंभकरण, सूर्पणखा और विभीषण का जन्म भी इसी गांव में हुआ। यही वजह है कि इस गांव में यह पर्व नहीं मनाया जाता है। मान्यता है कि रामलीला या रावण दहन करने से अनहोनी होगी। कुछ बताते है कि यहां रावण की आत्मा की शांति के लिए हवन किए जाते हैं।

बिसरख गांव का जिक्र शिवपुराण में भी किया गया है। कहा जाता है कि त्रेता युग में इस गांव में ऋषि विश्रृवा का जन्म हुआ था। उन्होंने यहां अष्टभुजी शिवलिंग की स्थापना की। यह पौराणिक काल की शिवलिंग बाहर से देखने में महज 2.5 फीट की है, लेकिन जमीन के नीचे इसकी लंबाई लगाग 8 फीट है। इस गांव में अब तक 25 शिवलिंग मिले हैं, जिनमें से एक की गहराई इतनी है कि खुदाई के बाद भी उसका कहीं छोर नहीं मिला है। मंदिर के महंत रामदास ने बताया कि खुदाई के दौरान त्रेता युग के नरकंकाल, बर्तन और मूर्तियों के अलावा कई अवशेष मिले हैं।

अष्टभुजी शिवलिंग एवं रावण अनुसंधान समिति के अध्यक्ष अशोकानन्द महाराज का कहना है कि रावण के पिता के नाम पर गांव का नाम बिसरख पड़ा। उनके मुताबिक देश में केवल बिसरख में ही अष्टभुजीय शिवलिंग है। रावण ने यहीं पर अपनी शिक्षा दीक्षा ग्रहण की थी।

हिन्डन (प्रचीन नाम हरनन्दी) नदी के मुहाने पर बने गाजियाबाद के पुरा महादेव शिवलिंग, दुधेश्वरनाथ शिवलिंग, तथा बिसरख स्थित शिवलिंग की स्थापना रावण ने ही की थी।

**मंदिर में रावण की मूर्ति स्थापित करने की वर्षों से है योजना**

यहां प्रचीन शिव मंदिर के सामने नए मंदिर के परिसर में रावण की मूर्ति रखी है। दो मंदिरों के पुजारियों की आपसी खींचतान के चलते पिछले कई वर्षों से रावण की मूर्ति स्थापित नहीं हो पाई। यहां के निवासी शिव मंदिर को ही रावण का मंदिर कह कर पूजा करते हैं। यहां की दीवारों पर रावण के पिता की आकृति भी बनी हुई है। अगस्त 2016 में यहां जूना अखाड़े के महंतो ने रावण की पूजा व मूर्ति स्थापना का विरोध किया था, जिसके बाद कुछ लोगों ने रावण की प्रतिमा को खंडित कर दिया था।

जनसत्ता

8 अक्तूबर, 2019

## वायुसेना की ताकत

अपने साढ़े आठ दशक से ज्यादा के सफर में भारत की वायुसेना ने जितने पड़ाव देखे हैं, वे उसकी सफल विकास यात्रा को बयान करते हैं। भारत को चीन और पाकिस्तान के साथ युद्ध भी लड़ने पड़े और वायुसेना ने जिस शौर्य और सजगता के साथ दुश्मन देश के छक्के छुड़ाए, उसे कैसे भुलाया जा सकता है! आज भारत के लिए गौरव की बात है कि उसकी वायुसेना दुनिया की चौथी बड़ी और सर्वश्रेष्ठ वायुसेना में गिनी जाती है। मंगलवार को वायुसेना दिवस के मौके पर वायुसेना के इतिहास में उस वक्त एक नया अध्याय और जुड़ जाएगा जब देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह फ्रांस के बारडेक्स शहर में पहला रफाल विमान हासिल करेंगे। रफाल विमान वायुसेना की ताकत में और इजाफा करेगा। भारत की वायुसेना को लंबे समय से उन्नत विमानों की जरूरत थी। रफाल विमानों की खूबी यह है कि ये विमान हवा से हवा में मार करने वाली मीटियोर और स्काल्प मिसाइलों से लैस हैं। इसके अलावा रफाल को वायुसेना ने अपनी जरूरतों के हिसाब से तैयार करवाया है। अभी भारत के लड़ाकू विमानों के बेड़े में सुखोई, मिग-21 बायसन और जगुआर जैसे विमान मोर्चा संभालते हैं।

भारत को आज अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन से जिस तरह की सामरिक चुनौतियां मिल रही हैं और एशियाई क्षेत्र में जैसा शक्ति संतुलन बन रहा है, उसे देखते हुए वायुसेना का आधुनिकीकरण अपरिहार्य हो गया है। आज तकनीक का जमाना है और युद्ध के तौर-तरीके भी बदल चुके हैं। सेकेंडों में दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने वाले हथियार और विमान वायुसेना की जरूरत बन चुके हैं। कुछ समय पहले ही भारत की वायुसेना में दुनिया के अत्याधुनिक लड़ाकू हेलिकॉप्टर- अपाचे एएच-64ई को शामिल किया गया था। ये हेलिकॉप्टर अमेरिका से खरीदे गए थे। अभी भारत के पास आठ अपाचे हेलिकॉप्टर हैं। इनके अभाव में वायुसेना को इन हेलिकॉप्टरों की जरूरत कई सालों से थी। अपाचे की मदद से पाकिस्तान के साथ लगी सीमा पर घुसपैठियों को ढेर किया जा सकेगा। ये विमान अंधेरे में भी लक्ष्य को भेद सकते हैं। ऐसे में अपाचे सीमा की सुरक्षा में ज्यादा कारगर साबित होंगे। इसके अलावा ऊंचे और दुर्गम पहाड़ी इलाकों में सैनिकों को लाने-ले जाने, रसद और हथियार पहुंचाना वायुसेना के लिए अब तक मुश्किलों भरा काम साबित हो रहा था। इसके लिए चिनूक हेलिकप्टर खरीदे गए थे। कुल मिला कर देखा जाए तो भारत ने वायुसेना को नए से नए विमानों और हेलिकॉप्टरों से सुसज्जित करने की दिशा में काफी काम किया है।

हालांकि पुराने विमानों से पीछा अभी पूरी तरह छूट नहीं पाया है। भारत के पास अभी भी बड़ी संख्या में मिग विमान हैं। रूस से खरीदे गए इन विमानों का जीवनकाल एक तरह से पूरा हो चुका है। एक तरह से घिसे-पिटे विमानों की श्रेणी में ही आते हैं, लेकिन इन्हें समय-समय पर उन्नत बना कर काम निकाला जाता रहा। जब तक नए विमानों की खेप नहीं मिल जाती, मिग विमानों पर निर्भरता बने रहना वायुसेना की मजबूरी है। मिग विमानों के बढ़ते हादसे वायुसेना के लिए गंभीर चिंता का विषय रहे हैं। सैंकड़ों जाबांज पायलट शहीद हुए हैं। इसका बड़ा कारण यह रहा कि वायुसेना का आधुनिकीकरण सरकार की प्राथमिकता में नहीं रहा और इसी वजह से अत्याधुनिक विमानों की खरीद प्रक्रिया में जरूरत से ज्यादा विलंब होता चला गया। लेकिन अब लग रहा है कि वक्त बदला है और सेना की जरूरतों पर ध्यान गया है। सैन्य क्षमता को बढ़ाना और उन्नत करना राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

## शिक्षा की सूरत

किसी भी देश में विकास की असली कसौटी यह होनी चाहिए कि वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की तस्वीर कैसी है। ये तीनों क्षेत्र परस्पर जुड़े हुए हैं, इसलिए एक के बेहतर या कमतर होने का असर सीधे तौर पर दूसरे पर पड़ता है। जहां तक भारत में सरकारी व्यवस्था के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली शिक्षा का सवाल है तो लंबे समय से इस क्षेत्र में अलग-अलग पहलू से सुधार के सवाल उठाए जाते रहे हैं। खासतौर पर शिक्षकों की कमी का मसला पिछले कई दशकों से लगातार चिंताजनक स्तर पर कायम है, लेकिन दूसरे तमाम क्षेत्रों में विकास के दावों के बरक्स यह हकीकत है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए संतोषजनक कदम भी नहीं उठाए गए। इसमें भी एक बड़ा पहलू अब यह उभर कर सामने आया है कि देश भर में बहुत बड़ी तादाद ऐसे सरकारी स्कूलों की है जो बिना किसी प्रधानाध्यापक के संचालित हो रहे हैं। सवाल है कि शिक्षकों की कमी से जूझते स्कूलों में प्रधानाध्यापकों के अभाव के बीच पढ़ाई-लिखाई की कैसी तस्वीर बन रही होगी?

गौरतलब है कि नीति आयोग की ओर से जारी पहले विद्यालय शिक्षा गुणवत्ता सूचक के मुताबिक अलग-अलग राज्यों में ऐसे हजारों स्कूल हैं जहां कोई प्रधानाध्यापक नहीं है। सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति में बिहार है, जहां के करीब अस्सी फीसद स्कूल बिना प्रधानाध्यापक के चल रहे हैं। हालत यह है कि राजधानी दिल्ली तक में करीब एक तिहाई विद्यालय ही प्रधानाध्यापक के साथ चल रहे हैं। गुजरात, केरल, तमिलनाडु जैसे कुछ राज्यों की तस्वीर जरूर संतोषजनक है, लेकिन देश के ज्यादातर राज्यों में अगर चालीस, पचास या अस्सी फीसद स्कूलों में प्रधानाध्यापक नहीं हैं, तो समझा जा सकता है कि सरकारें स्कूली शिक्षा में सुधार के प्रति किस हद तक उदासीन हैं। नीति आयोग के ताजा आंकड़े को तैयार करने में खुद केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्व बैंक ने भी सहयोग किया है। ये आंकड़े सन 2016-17 के हैं, लेकिन आज भी इस तस्वीर में कोई खास बदलाव नहीं आया है। हाल में आई एक खबर के मुताबिक उत्तर प्रदेश के शिक्षक संगठनों ने यह आरोप लगाया कि राज्य में एक लाख से ज्यादा प्रधानाध्यापकों के पद ही समाप्त कर दिए हैं! क्या सरकारों को लगता है कि शिक्षकों की कमी की गंभीर समस्या को दूर करने के बजाय प्रधानाध्यापकों की जगह भी खत्म या कम करके शिक्षा की सूरत में बदलाव लाया जा सकता है?

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि एक ओर देश में सरकारें शिक्षा का अधिकार कानून लागू करके और व्यापक स्तर पर शिक्षा के प्रति जागरूकता का अभियान चला कर पढ़ाई-लिखाई की सूरत को चमकाने का दावा करती हैं, लेकिन इस तकाजे पर उन्हें यह गौर करना जरूरी नहीं लगता कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के मुताबिक सभी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में एक प्रधानाचार्य या प्रधान अध्यापक और उपप्रधानाचार्य या फिर सहायक प्रधान अध्यापक नियुक्त करना अनिवार्य है। सवाल है कि जब स्कूलों में प्रधानाध्यापकों की मौजूदगी के मामले में यह अफसोसजनक तस्वीर है तो देश भर में लाखों की तादाद में शिक्षकों की कमी का मुद्दा सरकार की प्राथमिकता में कहां होगा! ऐसे में गुणवत्ता से लैस शिक्षा मुहैया कराना तो दूर, अंदाजा लगाया जा सकता है कि सामान्य औपचारिक पढ़ाई-लिखाई भी किस दशा में चल रही होगी। अगर इस सूरत में जल्दी सुधार लाने और स्कूलों में जरूरत के मुताबिक पूरे शिक्षक मुहैया करा कर गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई-लिखाई सुनिश्चित नहीं की गई तो देश के कमजोर आर्थिक हैसियत वाले तबकों के बच्चे शिक्षा के दायरे से बाहर हो जाएंगे या फिर उनके साक्षर होने का कोई मतलब नहीं होगा!

### कल्पमेधा

पराधीनता समाज के मौलिक नियमों के विरुद्ध है।
- मांटेस्क्यू

# बेरोजगारी का गहराता संकट

अभिषेक कुमार सिंह

> भारत में 2018 में बेरोजगारी की दर पांच फीसद थी, लेकिन इसमें भी पंद्रह से उनतीस साल के युवाओं में बेरोजगारी तीन गुना ज्यादा यानी पंद्रह फीसद तक थी। इस आयु वर्ग में बेरोजगारी की समस्या शहरी क्षेत्रों में सबसे अधिक थी। बेरोजगारी की इस हालत पर अहम सवाल यह उठता है कि सत्ता और राजनीतिक दलों के लिए बेरोजगारी अहम चिंता का विषय क्यों नहीं है।

दुनिया की कोई भी सरकार जिन कुछ मोर्चों पर अपनी नाकामी को आसानी से नहीं स्वीकार करती है, उनमें भूख से होने वाली मौतें और बेरोजगारी जैसे मुद्दे प्रमुख होते हैं। हालांकि, इधर देश के रोजगार क्षेत्र में युवाओं की दक्षता और कौशल को लेकर कुछ सवाल उठे हैं और रोजगार का मतलब सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं है, इसे लेकर भी एक मत बना है, लेकिन इसके बावजूद कुछ सच झुठलाए नहीं जा सकते। जैसे, एक सच यह है कि नोटबंदी के बाद से लाखों लोगों का रोजगार छिन गया और दूसरा यह कि नई नौकरियों के बनने की रफ्तार मंद पड़ गई, जिससे बेरोजगारी आसमान पर पहुंच गई है।

भारत में फिलहाल बेरोजगारी का स्तर क्या है, इसका खुलासा कुछ अध्ययनों और सर्वेक्षणों से हुआ है। जैसे, इस साल जून में प्रकाश में आई नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वर्ष 2011-12 में बेरोजगारी की जो दर 2.2 फीसद पर थी, वह 2017-18 में बढ़ कर 6.1 फीसद के रिकॉर्ड स्तर पर चली गई। हालांकि इस बढ़ोत्तरी के पीछे एनएसएसओ का कहना था कि बेरोजगारी दर बढ़ने की एक वजह गणना के तरीके का बदला जाना है, जिसमें शिक्षित लोगों को ज्यादा अहमियत दी गई थी। असल में, शिक्षित बेरोजगारी दर निरक्षरों के मुकाबले में हमेशा ज्यादा रहती है, लिहाजा उनके आंकड़ों में बढ़ोत्तरी हो गई। लेकिन बेरोजगारी में वृद्धि का आकलन अकेले एनएसएसओ का नहीं है, बल्कि सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआइई) ने बीते दो वर्षों के दौरान किए गए सर्वेक्षणों में भी बेरोजगारी की दर में इजाफे को दर्ज किया। सीएमआइई के सर्वे के मुताबिक इस साल अप्रैल 2019 में देश में बेरोजगारी की दर सात फीसद थी। कुछ इसी किस्म के आकलन 'स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2018' में भी पेश किए गए हैं। इस अध्ययन के अनुसार भारत में 2018 में बेरोजगारी की दर पांच फीसद थी, लेकिन इसमें भी पंद्रह से उनतीस साल के युवाओं में बेरोजगारी तीन गुना ज्यादा यानी पंद्रह फीसद तक थी। इस आयु वर्ग में बेरोजगारी की समस्या शहरी क्षेत्रों में सबसे अधिक थी। बेरोजगारी की इस हालत पर अहम सवाल यह उठता है कि सत्ता और राजनीतिक दलों के लिए बेरोजगारी अहम चिंता का विषय क्यों नहीं है।



हो सकता है कि बेरोजगार की श्रेणी में दर्ज किए गए ज्यादातर नौजवान शिक्षित हों, अपने मन की बेहतर नौकरी तलाश कर रहे हों। ऐसे लोगों को बेरोजगार रहते हुए नौकरी की खोज करने का मामला अच्छी नौकरी में किया गया निवेश प्रतीत होता है और वे इसके लिए सीधे तौर पर सरकार को जिम्मेदार नहीं मानते। अलबत्ता सरकारी नौकरियों में कटौती होना उनके लिए भी चिंता का विषय है। एक दिलचस्प आकलन यह भी कहता है कि औपचारिक क्षेत्र में नौकरियों की संख्या घटने की बजाय असल में बढ़ गई हैं, जिसका खुलासा ईपीएफओ यानी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के आंकड़ों से होता है। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (सीएसओ) ने दावा किया है कि रोजगार के औपचारिक क्षेत्र में 2018-19 में नौकरियों के एक करोड़ सैंतीस लाख अवसर पैदा हुए। हालांकि इन सारे दस्तावेजी आंकड़ों से यह निष्कर्ष अवश्य निकल रहा है कि अच्छी और सरकारी नौकरियों पर उन नौजवानों का कब्जा होता चला रहा है जिन्होंने किसी तरह ठीक-ठाक डिग्री और कौशल प्रशिक्षण हासिल किया होगा। इस दायरे से बाहर के बेरोजगार नौजवानों के लिए या तो कोई भी नौकरी कर लेने का विकल्प बचता है या फिर हमेशा के लिए बेरोजगार रह जाने का, लेकिन ऐसे लोग कोई आवाज उठाने की हैसियत में नहीं होते। इन संकेतों वाले सारे नतीजों का सार इस साल मार्च में बहुराष्ट्रीय मार्केट रिसर्च कंपनी इप्सॉस के सर्वेक्षण से मिला था। इस सर्वेक्षण में रोजगार को लेकर विभिन्न देशों की जनता की अलग-अलग चिताएं सामने आई थीं। सर्वे के मुताबिक भारत में ज्यादातर लोगों ने यह माना कि रोजगार सहित कई अन्य मामलों में सरकार की नीतियां सही दिशा में हैं, लेकिन आतंकवाद की चिंता उन्हें सबसे ज्यादा सता रही थी। यह जरूर है कि सर्वेक्षण में शामिल महत्त्वपूर्ण अट्ठाईस देशों के औसतन अट्ठावन फीसद नागरिकों ने माना था कि उनका देश नीतियों के मामले में भटक-सा गया है। लेकिन ऐसा सोचने वालों में भारत की बजाय दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, फ्रांस, तुर्की और बेल्जियम के लोग ज्यादा थे। ऐसा नहीं है कि हमारे देश में रोजगार की फिक्र हाशिये पर चली गई है, बल्कि इसमें स्थिति यह बनी है कि इसकी चिंता ग्रामीण के मुकाबले शहरी और अनपढ़ों के मुकाबले शिक्षित नौजवानों को ज्यादा है और इत्तफाक से ऐसे लोगों का भरोसा सरकार की नीतियों पर ज्यादा बना हुआ है, इसलिए इस समस्या को लेकर कोई बड़ा बवाल नहीं उठ रहा है।

हालांकि इस पूरे प्रकरण में जो चिंता सरकारों और उद्योगों की है, वह अलग तरह की है। कहा जा रहा है कि हमारे शिक्षित बेरोजगारों की सबसे बड़ी समस्या उनका उद्योगों के अनुरूप तैयार नहीं होना है। यानी प्रशिक्षण के बावजूद उनमें वह अपेक्षित कौशल नहीं है जो उन्हें रोजगार के काबिल बनाता है। इस कारण बाजार में मौके होने के बावजूद लाखों पद खाली हैं और कंपनियां वांछित योग्य नौजवानों की तलाश में उन्हें भरने में हिचकिचा रही हैं, क्योंकि वैश्विक मंदी के कारण वे ऐसे लोगों को नौकरी देने का जोखिम सहन नहीं कर सकतीं जो नौकरी करते हुए अपने भीतर अपेक्षित कौशल का विकास करते हैं।

ऐसे वक्त में, जब देश में 'स्किल इंडिया' जैसे महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम में 2022 तक देश के चालीस करोड़ युवाओं को हुनरमंद बना कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, सर्वेक्षणों के ऐसे आंकड़े हैरान करते हैं। ऐसी स्थिति में अहम सवाल यह पैदा होता है कि अगले कुछ वर्षों में आखिर देश कैसे यह इंतजाम कर पाएगा ताकि करोड़ों युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके। इस मामले की गंभीरता का एक पहलू यह भी है कि सरकार के पास फिलहाल महज पैंतीस लाख युवाओं को हर साल किसी क्षेत्र में दक्ष बनाने वाले प्रशिक्षण देने का प्रबंध है। इसकी तुलना पड़ोसी चीन से करें, तो पता चलता है कि वहां सालाना नौ करोड़ युवाओं को हुनरमंद बनाने का इंतजाम सरकार की तरफ से किया गया है।

इस समस्या का दूसरा पहलू और भी गंभीर है। यह पहलू शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणवत्ता से जुड़ा है। यह देखा जा रहा है कि अगर बच्चे और युवा किसी तरह नामी संस्थानों में दाखिला पा जाते हैं, तो भी इसकी गारंटी नहीं होती कि वहां से वे जो डिग्री-डिप्लोमा लेकर निकलेंगे, उसके आधार पर वे इतने काबिल हो सकेंगे कि अपने क्षेत्र में हर चुनौती से मुकाबला कर सकें। यह मामला स्कूल, कॉलेजों व प्रतिष्ठानों में दी जा रही शिक्षा की खराब गुणवत्ता से जुड़ा है। यही कारण है कि देश में सत्तावन फीसद युवा पढ़े-लिखे होने के बावजूद किसी ठीकठाक नौकरी के लिए तैयार नहीं पाए गए। जाहिर है, समस्या मौजूदा शिक्षा तंत्र की है जो वैसी शिक्षा नहीं दे पा रहा जो अच्छी नौकरी पाने या अपना कोई व्यवसाय खड़ा करने में उनकी मदद करे।

निश्चय ही ऐसे निष्कर्ष चिंताजनक हैं और सरकारों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए कि आखिर वे अपनी युवा आबादी को किस तरह की शिक्षा मुहैया करा रही हैं। शहरी और ग्रामीण शैक्षिक ढांचे में भीषण विरोधाभास हैं। कहीं शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है, तो कहीं हिंदी और क्षेत्रीय भाषा। ऐसा ही अंतर ग्रामीण और शहरी युवा की पढ़ाई-लिखाई का भी है। इस तरह के फर्क और अभावों को जितनी जल्दी हो सके, दूर करना बेहतर होगा।

# परंपरा का आईना

निशा नाग

### दुनिया मेरे आगे

काल को निरंतर प्रवाह की तरह देखना भारतीय परंपरा की विशेषता रही है। भारतीय मानस में काल एकरेखीय नहीं है, बल्कि चक्रीय है। यानी जो आज है, वह कल भी था और परसों भी होगा। यह आस्था रही है कि घटनाएं, व्यक्ति- सब यहां बार-बार अपने को दोहराते हैं। यानी जन्म-पुनर्जन्म के सिद्धांत ने व्यक्ति को मृत्यु के बाद पुनर्जीवन और दुख के पहाड़ टूट पड़ने पर पूर्वजन्म के कर्मों का फल कह कर संतोष कर लेने का सहारा दिया है। आम भारतीय जनमानस में बसे दो ग्रंथों 'रामायण' और 'महाभारत' में भी घटनाओं की तार्किकता पूर्वजन्म के प्रारब्ध और संचित कर्म व वर्तमान के कर्मों से निर्धारित होती है। यानी राजा दशरथ का राम के वनवास जाने पर प्राण त्याग देना उनसे श्रवण कुमार के अनजाने में हुए वध के कारण मिले श्राप का परिणाम था। 'महाभारत' की भी अनेक घटनाएं इसी तरह जन्म-पुनर्जन्म में किए गए कर्मों पर आधारित हैं। शायद इसीलिए भारतीय जनमानस ने पश्चिम की तरह इतिहास को संजोने का प्रयत्न नहीं किया।

आज जिस साक्ष्य के आधार पर इतिहास की इमारत खड़ी की जाती है, वे बर्तनों और औजारों के टूटे-फूटे जमीन में गड़े टुकड़े हैं। यह वह इतिहास है जो आम जन की बात नहीं करता, बल्कि कुछ विशेष जनों की बात करता है, जिन्हें नायक कहा जाता है। आम जन इस इतिहास में शायद कहीं भी नहीं। जन-इतिहास स्मृत ही होते हैं, जिन्हें पीढ़ियां अपने तरीके से वहन करती हैं। इतिहास अगर कहीं सुरक्षित रहा है तो वह या तो राज्याश्रय में या धर्माश्रय में या फिर लोकाश्रय में। भारत के संदर्भ में इतिहास की एक अन्य परंपरा रही है, जिसे स्मृत इतिहास कहा गया है। जहां किंवदंतियां, लोक कलाएं गाथाएं, मिथक और इतिहास अपने रूप और अंतर्वस्तु में इस तरह घुले-मिले हैं जैसे दूध और पानी। यह उन ऐतिहासिक साक्ष्यों से परे है जो इमारतों, बर्तनों के टुकड़ों, सिक्कों या फिर पांडुलिपियों में बसा रहता है।

हालांकि कुछ ऐसे साक्ष्य अवश्य मौजूद रहते हैं, जो आम और गुमनाम जनों की कथा को कह देता है। एक बार किसी पुरानी गढ़ी को देखते हुए उसके पूजा स्थल के बाहर लगे हुए हाथों के लाल निशान को दिखा कर गाइड ने बताया कि यह उन राजपूत रानियों के हाथ के निशान हैं जो सती हो गईं! उन्हें देखते हुए लगा कि कुछ निशान इतने छोटे थे जैसे दस और बारह वर्ष की बच्चियों के होते हैं और मन उन अज्ञात स्त्रियों के प्रति घोर करुणा से भर गया, जो अभी स्त्री बनी भी नहीं थीं। इसी तरह, जोधपुर में घर के समीप तापी बावड़ी को देखते हुए मुझे बताया गया कि अभी जब इसकी सफाई हुई तो काफी मात्रा में इसमें से सोने-चांदी के गहने निकले, जिसे सरकार ने अपनी पास रख लिया है। मेरा प्रश्न था कि क्या यहां गहने छिपाए गए थे, तो उत्तर मिला- 'यह उन महिलाओं के थे, जिन्होंने पारिवारिक क्लेश, निस्सतांन होने या अन्य किसी दुख से यहां डूब कर आत्महत्या कर ली थी'। उन स्त्रियों का कोई इतिहास या स्मृति चिह्न नहीं है। केवल स्त्री के दुख की शाश्वत गाथा यहां भी मौजूद है।

आम जन का इतिहास कहीं और भी सुरक्षित रहा है। अभी अपने आत्मीय के असमय काल कलवित होने पर हरिद्वार जाना पड़ा। यह पहले मालूम था कि यहां पर परिवारों के परंपरागत पंडे हैं जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी कर्मकांड करवाते रहे हैं। उनके पास ढेरों पुराने बही-खाते थे। उन सबमें स्थान विशेष के अनेक खानदानों का इतिहास दर्ज था कि कौन कब काल-कवलित हुआ और उसके फूल लेकर कौन-कौन आया! उनके अनुसार, उनके पास तीन सौ सालों का इतिहास दर्ज है। हरिद्वार के अलावा भी भारत में अन्य स्थानों पर भी यही परंपरा रही है।

सभी जगह बही-खाते और वहां आकर श्राद्ध कर्म करवाने वालों का इतिहास इसी तरह दस्तावेजों में दर्ज है। यह जान कर हैरानी भी होती है कि आज से दो-तीन सौ वर्ष पूर्व, जब यातायात के साधन मौजूद नहीं थे, लोग कैसे दूरदराज से वहां तक पहुंचते थे! बैलगाड़ी पर महीनों की कठिन यात्राएं ही तब एकमात्र उपाय रहा होगा। मगर तब भी आस्था उन्हें वहां तक पहुंचाती थी। पॉल वाइस के अनुसार अपने को अतीत से जोड़ने में आनंदानुभूति होती है, मनुष्य अपने स्रोत की चेतना से अपने को आश्वस्त कर लेता है कि वह अकेला है। यह मनुष्य का स्वभाव है कि वह किसी चीज को किसी परिप्रेक्ष्य में रख कर ही पहचान सकता है। यह शायद काल के असंख्य प्रवाह में एक बिंदु के समान स्थित मानव के अस्तित्व को समझने का प्रयत्न हो।

यह एक सच्चाई है कि आज की चूहादौड़ में फंसी दुनिया में किसे फुर्सत है बीते कल की फिक्र करने की! पर हम दौड़ में पल भर भी थम कर सोचें कि आज तो कल की नींव पर ही खड़ा है और आने वाला कल लगातार आज बनता चला जा रहा है तो अतीत वर्तमान और भविष्य- अनिवार्य रूप से अविभाज्य लगने लगेगें और यह भी की इतिहास परंपरा का ही एक हिस्सा है।

## प्रकृति से खिलवाड़

दुनिया आज एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ी हुई है जहां जिंदगी का पर्याय मौत हो गया है। धरती के एक भू-भाग में बाढ़ का कहर है, तो दूसरे में सूखे की मार। धरती की इस दुर्गति की जवाबदेही और जिम्मेदारी किसकी है, यह एक यक्ष प्रश्न है। हम दुनिया को अपनी आंखों के सामने बद से बदतर होते देख रहे हैं और हमारा दुर्भाग्य यह है कि हम इस पर मौन हैं। हम विकास की सीढ़ियां चढ़ते हुए जंगलों को काट कर रहे हैं और खुद की पीठ थपथपा रहे हैं। हमारे पास आज इतना भी वक्त नहीं है कि हम कुछ पल निकाल कर यह सोचें कि जिस दुनिया में सांस लेने के लिए शुद्ध हवा ही नहीं होगी, वहां मेट्रो, मॉल और बुलेट ट्रेन के होने का क्या मतलब रह जाएगा। पानी और हवा जैसी बुनियादी चीजों के अभाव में हमारा विकास धरा का धरा रह जाएगा। आज आप अपने आसपास नजर डालें तो यह पाएंगे कि सबसे अधिक बीमारी से कोई जूझ रहा है तो वह देश का युवा है। युवा अवसाद का शिकार है, अस्थमा, उच्च रक्तचाप का शिकार है, उसका शरीर जर्जर है और हम युवा भारत पर अपनी छाती चौड़ी करके घूम रहे हैं। हमें यह चिंतन करना चाहिए कि हम आने वाली पीढ़ी को अच्छी दुनिया में नहीं, अपितु खोखले विकास में जन्म दे रहे हैं। इस हकीकत पर अगर हम शर्मिंदा हों तो यह हमारी विनम्रता नहीं, अपितु ईमानदारी होगी।

*● मुकुल सिंह चौहान, जामिया, दिल्ली*

## कामयाबी की उड़ान

भारतीय वायु सेना की जांबाजी के किस्से हर हिंदुस्तानी का सीना गर्व से चौड़ा कर देते हैं। दुनिया की चौथी बड़ी सैन्य शक्ति वाली भारतीय वायु सेना की जाबांजी के कई किस्से मशहूर हैं। 1932 में गठित भारतीय वायु सेना में साल दर साल इसकी बेहतरी का प्रयास किया गया है। किसी भी सरकार का पहला मकसद होता है कि आकाश में दुश्मनों के दांत खट्टे करने वाली भारतीय वायु सेना को सवश्रेष्ठ बनाया जाए। पहले कमांडर इन चीफ एयर मार्शल सर थॉमस वाकर एमहिस्ट ने भारतीय वायु सेना को एक ऐसी सेवा के रूप में स्थापित किया जिसकी मदद से देश को सुरक्षित रखा जा सके। अपने शुरुआती दौर में भारतीय थल सेना का कमांडर इन चीफ ही भारतीय वायु सेना पर नियंत्रण रखता था।

तकनीकी मामले में कुछ देश हमारी वायुसेना से आगे हो सकते हैं, लेकिन अपने संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के कारण हमारी वायुसेना से दुश्मन देश हमेशा थर्राते हैं। करीब डेढ़ हजार विमानों से लैस भारतीय वायु सेना के बेड़े में कुछ एक ऐसे लड़ाकू विमान हैं जिन पर पूरे देश को नाज है। वायु सेना के बेड़े में चालीस सुखोई विमान शामिल हैं। जंग के दौरान हेलिकॉप्टरों की भूमिका भी काफी अहम होती है जिसे कई तरीके से काम में लिया जाता है। खास तौर पर युद्ध के स्थान पर लड़ रहे सेना के जवानों के लिए जरूरी सामान खाने-पीने की चीजें लाने और ले जाने के साथ-साथ दुर्गम स्थानों पर छिड़ी जंग में सैनिकों को ले जाने में ये हेलिकॉप्टर अहम भूमिका निभाते हैं।

*● अमन सिंह, बरेली*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com




## मानसून की वापसी

आधिकारिक रूप से दक्षिण-पश्चिम मानसून को अब तक भारत से लौट जाना चाहिए था, लेकिन देश के विभिन्न भागों में अभी भी वर्षा का दौर जारी है। इस वर्ष जून को छोड़ दें तो अन्य मानसूनी महीनों जुलाई, अगस्त और सितंबर में सामान्य से क्रमशः 104.6, 115.4 और 152.3 फीसद अधिक वर्षा हुई है। सितंबर में हुई वर्षा सन 1917 के बाद सर्वाधिक है जब सामान्य से 165 फीसद अधिक वर्षा हुई थी, जो ला-निना से प्रभावित वर्ष था। इस वर्ष मानसून का आगमन भी लगभग एक हफ्ते देरी से हुआ था। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बंगलुरु के वैज्ञानिक जे श्रीनिवासन का मानना है कि आइओडी, जिसे इंडियन ला-निना भी कहते हैं, के बने रहने की वजह से मानसून की वापसी में देरी हो रही है। मौसम विभाग ने दस अक्तूबर के बाद मानसून के लौटने की उम्मीद जताई है। इस दौरान अगर पश्चिमी राजस्थान में लगातार पांच दिन तक वर्षा नहीं होती तो मानसून लौटने की आधिकारिक घोषणा हो सकती है। पिछले साल भी मानसून की वापसी अक्तूबर के दूसरे सप्ताह से शुरू हुई थी।

*● शिवशंकर यादव, इलाहाबाद विवि*

## हरित पटाखे

केंद्र ने दीपावली पर प्रदूषण की रोकथाम के लिए पर्यावरण अनुकूल हरित पटाखे की शुरुआत कर सराहनीय कदम उठाया है। विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य एवं भूविज्ञान मंत्री ने हरित पटाखों से बढ़ते ध्वनि और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने का दावा भी किया है। यह कदम कितना सार्थक होगा, यह आने वाले समय में ही पता चलेगा। शहरों में जानलेवा प्रदूषित वातावरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट कई बार चिंता जाहिर कर चुका है। कहा जा रहा है कि हरित पटाखे इस प्रदूषित वातावरण को तीस फीसद तक कम कर सकतें हैं, क्योंकि इनमें प्रदूषण फैलाने वाले तत्व बोरियम नाइट्रेट की मात्रा अत्यंत कम होती है। अगर सरकार के इस कदम को जनता का विश्वास और सहयोग मिलता है तो निस्संदेह देश में प्रदूषण पर कुछ सीमा तक रोक लगाई जा सकती है।

*● बिजेंद्र कुमार, दिल्ली विश्वविद्यालय*

## कलयुग का रावण जलाएं

त्रेतायुग में तो एक रावण था, लेकिन कलयुग में तो हर जगह रावण है। त्रेतायुग के रावण से ज्यादा तो आज के रावण पापी नजर आते हैं। कलयुग के रावण के दस से भी ज्यादा सिर विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और राजनीति की व्याधियों के रूप में मौजूद हैं, जिनमें स्वार्थ, बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता, भ्रष्टाचार, शोषण, नशा, धर्म-जाति पर हिंसा जैसी बुराइयां फैली हैं। दशहरे के दिन लोग रावण, कुंभकर्ण, मेघनाथ और अन्य राक्षसों के पुतलों को आग लगाकर खुशी मनाते हैं। पर इन पुतलों के साथ सभी को अपनी बुराइयों को भी जलाना चाहिए। भविष्य में कभी भी गलत न करन की शपथ लेनी चाहिए। आज समाज में बहुत से ऐसे लोग है जो अपनी किसी शक्ति चाहे वह धन की हो, शरीर की हो या पद की, उसके अहंकार में आकर दूसरों लोगों की मजबूरियों का फायदा उठा कर उन्हें परेशान करते हैं। अहंकारी लोगों को कोई भी अच्छा नहीं कहता है। इसलिए दशहरे पर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम कभी भी किसी बात का अहंकार न करें।

*● राजेश कुमार चौहान, जलंधर*

जनसत्ता संवाद
8 अक्तूबर, 2019 7

## जरा हट के



एंजेलीना जोली और मिशेल पफीफर रोम में फिल्म 'मेलफिसिएंट : मिस्ट्रेस ऑफ इवेल' के यूरोपीय प्रीमियर के दौरान फोटो के लिए पोज देती हुई।

## बोल

*शांति हमारे लोगों की पहली मांग है। इसका ढांचा तैयार है। मैं चाहता हूं कि लोग मुझे अनुमति और वैधता दें ताकि हम शांति की दिशा में काम कर सकें।*
*-अशरफ गनी, अफगानिस्तान के राष्ट्रपति*



## विवाद

*एक साइबर युद्ध जारी है...और ईरान उस साइबर युद्ध में उलझा हुआ है, लेकिन कोई भी युद्ध जो अमेरिका शुरू करेगा उसे वह समाप्त नहीं कर सकेगा।*
*-जवाद जरीफ, ईरान के विदेश मंत्री*



## सम-सामयिक

# वही डाल, वही बैताल : पाक में बाजवा की बैठक से उठे सवाल

**जनसत्ता संवाद**

क्या पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान एक बार फिर वहां की लोकतांत्रिक सरकार के तख्ता पलट और सेना की अगुवाई में मार्शल लॉ के कगार पर खड़ा है। वहां की खस्ताहाल अर्थव्यवस्ता का बहाना लेकर वहां के सेना प्रमुख ने जिस तरह से उद्योगपतियों के साथ बैठक की है, उससे पूरी दुनिया में सवाल उठने लगे हैं।

क्रिकेटर से राजनेता बने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने वहां की विपक्षी पार्टियों पीपीपी और पीएमएल-नवाज को मात देने के लिए जिस पाकिस्तानी सेना और चरमपंथी गुटों को साथ लिया था, अब वे उनकी राह के कांटे बनने लगे हैं। आर्थिक मोर्चे पर विफल इमरान को कुछ सूझता नहीं दिख रहा। वे कश्मीर का राग अलापने में जुटे हैं।

बीते हफ्ते पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने उद्योगपतियों के साथ बैठक कर एक संकेत दिया। तब संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर मुद्दे को जोर-शोर से उठा कर इमरान के स्वदेश लौटे 24 घंटे भी नहीं हुए थे। दूसरी तरफ, चरमपंथी मौलाना फजलुर रहमान ने भी इमरान की परेशानियां बढ़ानी शुरू कर दी हैं। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के प्रमुख फजलुर रहमान ने अपने आजादी मार्च को सरकार के खिलाफ जंग करार दिया। मौलाना ने पेशावर में ऐलान किया, 'पूरा देश हमारा युद्धक्षेत्र (वॉरजोन) है। विपक्षी दलों ने भी इसका समर्थन किया।

ऐसे में वहां की सेना ने तख्तापलट का संकेत देना शुरू कर दिया है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जावेद बाजवा ने वहां के प्रमुख कारोबारियों से गुप्त मुलाकात की। इस पर सिटी बैंक के पूर्व अधिकारी, लेखक और बैंकर यूसुफ नजर ने कहा कि यह तख्तापलट करने का नर्म तरीका है, इसके अलावा कुछ नहीं। दरअसल, इमरान के प्रधानमंत्री बनने के एक साल के भीतर ही पाकिस्तान में गरीबी व बेरोजगारी अपने चरम स्तर पर पहुंच गई है। इमरान हालांकि भारत विरोधी बयानों और कश्मीर राग अलापते हुए जनता का ध्यान बंटाने में लगे हुए हैं। सेना प्रमुख बाजवा और प्रमुख कारोबारियों के बीच यह इस साल की तीसरी गुप्त बैठक थी। ये तीनों बैठकें कराची और रावलपिंडी के सैन्य मुख्यालयों में हुईं। इस दौरान सुरक्षा और गोपनीयता की जिम्मेदारी भी सेना ने ही संभाली। इसके चलते बैठक की ज्यादा जानकारी मीडिया तक नहीं पहुंची।

जो जानकारियां सामने आई हैं, उनके मुताबिक, बाजवा ने कारोबारियों से कहा कि वे लोग अर्थव्यवस्था सुधारने के उपाय बताएं, ज्यादा निवेश करें। इन सुझावों को फौरन संबंधित अधिकारियों और मंत्रालयों तक पहुंचाने और इन पर अमल के आदेश भी दिए गए। सेना ने इसपर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। इस बैठक में जो लोग शामिल हुए, उन्हें पाकिस्तानी उद्योग जगत की ऐसी हस्तियां माना जाता है, जो राजनीतिक समीकरणों में अच्छा-खासा दखल रखती हैं।

इस बैठक को लेकर पाकिस्तानी सेना की जनसंपर्क इकाई आइएसपीआर ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था : चुनौतियां एवं रास्ते विषय पर रक्षा अध्ययन, शोध एवं विश्लेषण संस्थान ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया। फौज की दोनों संस्थाओं द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय परिचर्चा को लेकर सवाल उठना लाजिमी था। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें शामिल वक्ताओं ने एक सुर में इमरान सरकार की आर्थिक नीतियों को बेकार और भ्रष्टाचार को बढ़ाने वाला बता दिया और इशारों ही इशारों में सेना द्वारा मामला संभाल लेने को वक्त की जरूरत बता डाली।



### खस्ताहाल अर्थव्यवस्था

**पाकिस्तान की विकास दर दो फीसद है। यह सरकारी आंकड़ा है। बजट घाटा 8.9 फीसद हो चुका है। यह 30 साल में सर्वाधिक है। खस्ताहाल अर्थव्यवस्ता का बहाना लेकर वहां के सेना प्रमुख ने जिस तरह से उद्योगपतियों के साथ बैठक की है, उससे पूरी दुनिया में सवाल उठने लगे हैं। आसानी से हासिल हो सकता है।**

## शोध-अनुसधान

# नई दवा, जो बचाएगी अल्जाइमर से

**जनसत्ता संवाद**

*अल्जाइमर* को बुढ़ापे का रोग माना जाता है। दुनिया भर में लाखों लोग हर साल इस बीमारी के शिकार हो रहे हैं। हाल ही में शोधकर्ताओं ने एक ऐसी दवा को बनाने का दावा किया है जो भूलने की बीमारी और तंत्रिका की क्षति से बचा सकती है।



अल्जाइमर यानी भूलने की बीमारी। एक ऐसी बीमारी है जिसमें मरीज की याददाश्त और सोचने-बूझने की क्षमता कम होती चली जाती है और मरीज धीरे-धीरे सबकुछ भूल जाता है। इतना ही नहीं अल्जाइमर से पीड़ित व्यक्ति को दिनचर्या से जुड़े काम को भी करने में परेशानी आती है। अब तक अल्जाइमर की कोई ऐसी दवा नहीं थी जो मरीज को पूरी तरह ठीक कर दे। पर अब शोधकर्ताओं ने इसके इलाज का दावा किया है। शोधकर्ताओं का दावा है कि नई दवा भूलने की बीमारी और तंत्रिका की क्षति से बचा सकती है।

बफैलो और टेट्रा थेरेप्यूटिक्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक नई दवा को खोज निकाला है जिससे भूलने की बीमारी से छुटकारा मिलेगा। इस दवा का नाम बीपीएन 14770 है और यह एमेलायड बीटा नाम के प्रोटीन के दुष्प्रभाव को कम करती है, जो दिमाग की नसों और उतकों को नुकसान पहुंचाकर अल्जाइमर को बढ़ावा देती है। शोधकर्ताओं ने दावा किया है यह दवा याददाश्त जाने, तंत्रिका क्षति और अल्जाइमर रोग के अन्य लक्षणों से बचा सकती है।

इस प्री-क्लीनिकल शोध में पाया गया कि दवा - बीपीएन 14770 अमलॉइड बीटा के प्रभावों को रोकती है। अमलॉइड बीटा, अल्जाइमर प्रोटीन का हॉलमार्क है, जो तंत्रिका कोशिकाओं के लिए विषाक्त होता है। टेट्रा थेरेप्यूटिक्स के विकास के तहत बीपीएन14770 उन प्रक्रियाओं को सक्रिय करने में मदद कर सकती है जो तंत्रिका के स्वास्थ्य में सहयोग करती हैं और डिमेंशिया को रोकती है। हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि लगभग 25 फीसद 80 साल से अधिक उम्र वाले रोगियों में अल्जाइमर बिना डिमेंशिया के विकसित हो सकता है। बीपीएन14770, अल्जाइमर की प्रगति के साथ, तंत्रिका स्वास्थ्य का समर्थन करने वाले और मनोभ्रंश को रोकने के लिए इन तंत्रों को सक्रिय करने में मदद कर सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि इसके लाभ फ्रैगाइल एक्स सिंड्रोम, विकासात्मक विकलांगता और सिजोफ्रेनिया में बदल सकते हैं।

बफैलो विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फामेर्सी और फार्मास्युटिकल साइंसेज में सह-प्रमुख अन्वेषक और अनुसंधान सहयोगी प्रोफेसर यिंग जू ने कहा कि 'इस तरह के अवलोकन का मतलब है कि अल्जाइमर पैथोलॉजी को कुछ हद तक मस्तिष्क द्वारा बर्दाश्त किया जा सकता है, ऐसा प्रतिपूरक प्रक्रिया के कोशिकीय और सिनेप्टिक स्तर पर चलने के कारण है।' यिंग जू ने कहा कि 'हमारा नया शोध यह बताता है कि बीपीएन14770 कई जैविक तंत्रों को सक्रिय करने में सक्षम हो सकता है, जो मस्तिष्क को याददाश्त की कमी, तंत्रिका संबंधी क्षति और जैव रासायनिक हानि से बचाते हैं।'

यह शोध चूहों पर किया गया। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि बीपीएन जिससे पता चला कि बीपीएन 14770 फॉस्फोडाइस्टरेज ए 4 डी (पीडीई 4 डी) की गतिविधि को रोकता है। यह एक एंजाइम है जो स्मृति निर्माण, गठन, सीखने, न्यूरोइन्फ्लेमेशन और मस्तिष्क की चोट से उबरने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पीडीई4डी चक्रीय एडेनोसिन मोनोफॉस्फेट (सीएमपी) एक संदेशवाहक अणु जो शरीर में कोशिका विभाजन, परिवर्तन, प्रवास और मृत्यु जैसे शारीरिक परिवर्तनों को इंगित करता है। यह मस्तिष्क में शारीरिक परिवर्तन के लिए अग्रणी होता है। याददाश्त बढ़ाने में सीएमपी का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। बीपीएन14770 पीडीई4डी को बाधित करके मस्तिष्क में सीएमपी सिग्नलिंग बढ़ाता है, जो अंततः एमिलॉइड बीटा के विषाक्त प्रभावों से बचाता है। शोधकर्ता मार्क ई गुरने ने कहा कि 'स्मृति निर्माण और अनुभूति में शामिल मस्तिष्क मार्गों को संशोधित करने में पीडीई4डी की भूमिका और इस प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए उसकी अवरोधक क्षमता का अच्छी तरह से अध्ययन किया गया है। हम अपने सहयोगियों के निष्कर्षों से बहुत उत्साहित हैं, जो अब अल्जाइमर रोग से जुड़े प्रगतिशील न्यूरोलॉजिकल क्षति के खिलाफ बीपीएन14770 के लिए कार्रवाई का एक दूसरा सुरक्षात्मक तंत्र सुझाते हैं।'

## विश्व परिक्रमा

### हिंसक माहौल के बीच चुनाव

**रविवार, 29 सितंबर :** अफगानिस्तान में लोगों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को मतदान में हिस्सा लिया। वहीं कट्टरपंथियों ने देश भर में कई जगहों पर मतदान केंद्रों को लक्ष्य बनाकर विस्फोट किए। इस विस्फोटों में एक व्यक्ति की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए।

### दांव पर है हमारा देश : ट्रंप

**सोमवार, 30 सितंबर :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सत्ता के कथित दुरुपयोग मामले में महाभियोग की जांच के बीच ट्रंप ने अपने समर्थकों से कहा, 'हमारा देश दांव पर है, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।' राष्ट्रपति ने शनिवार को ट्विटर पर यह वीडियो पोस्ट कर जानकारी दी।

### एक देश, दो व्यवस्था रहेगी : शी जिनपिंग

**मंगलवार, 1 अक्तूबर :** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हांगकांग में 'एक देश, दो व्यवस्था' के सिद्धांत को कायम रखने का संकल्प जताया। यह उन्होंने सोमवार को चीन की 70वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कहा।




शी जिनपिंग

### नेपाल संसद अध्यक्ष का इस्तीफा

**बुधवार, 2 अक्तूबर :** नेपाल की संसद के अध्यक्ष ने एक महिला कर्मी के साथ बलात्कार का आरोप लगने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अध्यक्ष कृष्णा बहादुर महरा ने विधानसभा उपाध्यक्ष शिवमाया तुंबाहंफे को अपना त्यागपत्र सौंपा। त्यागपत्र में महरा ने कहा कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया है ताकि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो।

### महाभियोग से छिड़ जाएगा गृहयुद्ध : ट्रंप

**गुरुवार, 3 अक्तूबर :** अमेरिकी कांग्रेस के राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग जांच को तेज करने के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने इसे 'तख्तापलट' करार दिया है। वहीं, उन्होंने उस चेतावनी को रीट्वीट किया।

### भारत-पाक युद्ध में मारे जाएंगे 12.5 करोड़

**शुक्रवार, 4 अक्तूबर :** भारत और पाकिस्तान के बीच अगर परमाणु युद्ध हुआ तो एक सप्ताह से कम समय के भीतर ही 50 लाख से 12.5 करोड़ लोगों की जान जा सकती है। कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय और रुतगेर्स विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने यह अध्ययन किया।

### शीर्ष राजनयिकों का यूक्रेन पर दबाव

**शनिवार, 5 अक्तूबर :** अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों ने यूक्रेन के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति पर जो बाइडेन के बेटे के खिलाफ जांच करने का दबाव बनाया है। इसके बदले में उन्हें अमेरिका के दौरे और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की पेशकश भी की है।

## जानें-समझें

# रिजर्व बैंक रेपो रेट

# घटती ब्याज दर लुढ़कता बाजार

**दीपक रस्तोगी**

संभावना थी ही। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) ने अपनी हालिया मौद्रिक बैठक में एक बार फिर रेपो रेट (जिस ब्याज दर पर रिजर्व बैंक से वाणिज्यिक बैंक स्वल्पमियादी कर्ज लेते हैं।) कम करने का ऐलान किया। मौजूदा वित्त वर्ष में इसे लेकर लगातार पांच बार रिजर्व बैंक ने ऐसा किया है। रेपो रेट में कुल कमी अब 135 बेसिस प्वाइंट हो गई है। फिर भी, शीर्ष बैंक द्वारा कर्ज नीति के ऐलान के साथ ही बाजार क्यों सीधे 434 प्वाइंट लुढ़क गया इसका जवाब सीधा सा ही, पर वजहें नीतिगत खामियों की ओर इशारा करती हैं।

### कटौती बनाम जीडीपी पूर्वाभास

एक ओर, रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था में जान फूंकने की बात करते हुए अपने रेपो रेट में कटौती की और कहा कि इससे बैंकिंग सेक्टर की ब्याज दरें कम होंगी, लोगों में कर्ज की मांग बढ़ेगी और बाजार में इससे ऑटो या गृह सेक्टर में खरीददारी बढ़ेगी। लेकिन साथ ही, रिजर्व बैंक ने मौजूदा वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटा दिया। अपने पिछले अनुमान 6.9 फीसद में संशोधन करते हुए इसे 6.1 तक सीमित रहने का अनुमान जता दिया। इससे निवेशकों की चिंता बढ़ी और रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट घटाने की कवायद पर पानी फिर गया। जानकारों का कहना है कि अगर विकास का पूवार्नुमान घटाना ही है तो यह अर्थव्यवस्था में जान फूंकने की कवायद नहीं हो सकती।

### बैंकिंग क्षेत्र के सवाल

रिजर्व बैंक की ताजा कवायद के बाद स्टेट बैंक इंडिया की शोध शाखा इकोरैप ने अपनी रिपोर्ट में सवाल खड़े किए कि इससे अर्थव्यवस्था को कितनी गति मिल पाएगी। बीते छह महीने में बैंकों ने ब्याज दरों में लगातार कटौती की है, लेकिन कर्ज की मांग में बढ़ोतरी नहीं हुई है। बाजार में तरलता लगातार कम हुई है। तरलता तब आएगी, जब बाजार में खरीददारी तेज होगी। लेकिन ऐसा हो नहीं रहा। क्योंकि बाजार में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है, आर्थिक विकास दर के पूवार्नुमान से यह स्थिति बढ़ी ही है।

### फायदा रोके रहने का बैंकों पर आरोप

बैंकिंग सेक्टर पर अक्सर आरोप लगते रहे हैं कि रिजर्व बैंक तो ब्याज दरों में कटौती पर कटौती किए जा रहा है, लेकिन बैंक उसका पूरा फायदा ग्राहकों तक नहीं पहुंचा रहे। ऐसे में उद्योग जगत भी नए प्रोजेक्ट या पुराने प्लांट के विस्तार से हिचकता रहा है। 2014 के 8 फीसद से रेपो रेट घटकर अब 5.75 फीसदी तक आ चुका है। दूसरी तरफ, देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने इस बीच अपने कर्ज की ब्याज दर में सिर्फ 0.6 फीसद की कटौती की है और यह 10.15 फीसद से घटकर 9.55 फीसद तक पहुंचा है। इस स्थिति पर वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक ने कभी बैंकों को कुछ नहीं कहा। बैंकों का तर्क रहता है कि रेपो रेट कटौती का फायदा ग्राहकों और उद्योग तक पहुंचाने के पहले उन्हें ऊंचे ब्याज दर वाले जमा योजनाओं का समायोजन करना है।


### उम्मीदों की बात

रिजर्व बैंक भविष्य को लेकर उम्मीद जता रहा है और कह रहा है कि जो घोषणाएं की जा रही हैं, उनका असर सामने आते समय लगेगा। कम से कम अगले छह महीने तक और इंतजार करना होगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास का कहना है कि शीर्ष बैंक आर्थिक विकास दर को लेकर काम कर रहा है और जरूरत पड़ेगी तो रेपो रेट में और कटौती की जाएगी। लेकिन आलोचकों का कहना है कि ठोस घोषणाओं के मामले में शीर्ष बैंक दिशाहीन दिख रहा है। रिजर्व बैंक तो अब सरकार की नीतियों के परिपूरक के हिसाब से काम कर रहा है। बैंकिंग क्षेत्र के जानकार बीके दत्त कहते हैं कि चार बार ब्याज दरों में कटौती का कोई असर नहीं, लेकिन सरकार अगर आयकर और अन्य करों में कटौती करे तो लोगों के पास खर्च करने को रुपए होंगे और बाजार में कुछ तो तरलता आएगी। उपभोक्ता वर्ग को राहत पहुंचाने की जरूरत है, न कि कॉरपोरेट को।

## क्या है जानकारों की राय



आरबीआइ के गवर्नर शक्तिकांत दास व मौद्रिक समीक्षा कमेटी के अन्य सदस्य। फोटो : आरबीआइ ट्विटर से



आरबीआइ के गवर्नर शक्तिकांत दास



सरकार ने अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलावों के लिए कई उपाय किए हैं। हालांकि, इनमें से ज्यादातर उपाय आपूर्ति पक्ष का दबाव कम करने वाले हैं। मुख्य चुनौती मांग पैदा करने की है।
*- शमिका रवि, अर्थशास्त्री*

एक क्षेत्र के बाद दूसरा क्षेत्र संकट में है, नोटबंदी निरंतर आर्थिक आपदा साबित हो रही है। जीएसटी का भी नकारात्मक असर अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। नतीजतन अर्थव्यवस्था की विकास दर में गिरावट बनी हुई है। आरबीआइ और सरकार को असल वजहें समझने की कोशिश करनी चाहिए।
*-रथिन रॉय, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य*



## व्यक्तित्व

# तेनजिंग नोर्गे ट्रेनर : एनिमेशन फिल्म से चर्चा में

**जनसत्ता संवाद**

तेनजिंग नोर्गे शेरपा जिन्होंने न्यूजीलैंड एडमंड हिलेरी के साथ माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहला मानव कदम रखा था। तेनजिंग नोर्गे के एवरेस्ट की चोटी पर इतिहास रचने के छब्बीस साल बाद, उनके 18 वर्षीय पोते ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी 'एवरेस्ट' की मदद के लिए आवाज बुलंद की है। तेनजिंग नोर्गे ट्रेनर ने यह आवाज हॉलीवुड की एक एनीमेशन फिल्म के जरिए दी है। इस एनीमेशन फिल्म का नाम 'एबोमाइनेबल' है। उन्होंने फिल्म में मुख्य किरदारों में से एक को अपनी आवाज दी है।



'एबोमाइनेबल' 2019 की हॉलीवुड की 3डी एनिमेटेड एडवेंचर फिल्म है। यह फिल्म जिल कल्टन द्वारा लिखित और निर्देशित है।

'एबोमाइनेबल' फिल्म की कहानी बेहद आकर्षक है। इस फिल्म की कहानी यी (क्लो बेनेट) नाम के एक लड़की की है जो शंघाई से एवरेस्ट तक का रोमांचक सफर तय करती है। यी को क्लो बेनेट ने आवाज दी है। यो के दो दोस्त है जिन और पैंग। अल्बर्ट त्साई ने पैंग और तेनजिंग नोर्गे ट्रेनर ने जिन को आवाज दी है। जिन की आवाज का जादू पूरी दुनिया में ऐसा चला कि लोग इस आवाज के पीछे के चेहरे को जानने के लिए उत्सुक हो गए। तब जाकर लोगों को पता चला कि यह महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे के पोते हैं।

एक साक्षात्कार के दौरान तेनजिंग नोर्गे ट्रेनर ने कहा कि 'फिल्म की कहानी का मेरे परिवार से जुड़ा हुआ होना मेरे लिए बहुत मायने रखता था और मुझे नहीं पता कि कब मुझे इसकी जैसी दूसरी भूमिका मिलेगी।'

तेनजिंग नोर्गे ट्रेनर आज चर्चा में हैं लेकिन एक समय ऐसा भी था जब वह काफी शर्मीले थे और अपनी बात किसी को भी बता नहीं पाते थे। यही कारण था कि महज आठ साल की उम्र में उनके माता-पिता ने उनका दाखिला फ्लोरिडा के एक्टिंग स्कूल में करा दिया था ताकि उनकी सार्वजनिक बोलने की क्षमता का विकास हो। इस बारे में ट्रेनर ने कहा, मैंने आठ साल की उम्र में पलाडिन प्लेहाउस थिएटर से अपने अभिनय करिअर की शुरुआत की। मैंने एक थिएटर कैंप किया, जिसमें मेरे पिताजी ने मुझे सिर्फ यह सीखने के लिए डाला था कि मैं लोगों के सामने बोल सकूं। इसके बाद मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। अब मैं इस करिअर से प्यार करता हूं। हालांकि काम के कारण एक बार तेनजिंग को अपना स्कूल छोड़ना पड़ा गया था। इस बारे में उन्होंने कहा कि 'मैं पहली कक्षा से चौथी कक्षा तक स्कूल गया। जब पांचवीं कक्षा में गया तब मैंने डिजनी चैनल की शृंखला लिव एंड मैडी साइन किया। फिर पांचवीं कक्षा से लेकर मिडिल स्कूल तक और हाई स्कूल तक, मैं लिव और मैडी पर काम करता रहा। इसलिए मेरा मिडिल स्कूल डिजनी चैनल के सेट पर ही पूरा हुआ और मैं स्कूल नहीं गया। अब मैं नियमित छात्र हूं।'

तेनजिंग नोर्गे ट्रेनर अभिनय के साथ एक एथलिट भी है। उन्हें तंग सू डो में ब्लैकबेल्ट भी प्राप्त है। कॉमेडी शृंखला लिव एंड मैडी (2013) और लघु कॉमेडी क्लूलेस (2019) में काम कर चुके हैं। तेनजिंग ने इन दिनों अपना सारा ध्यान कॉलेज में दाखिला लेने पर लगा रखा है। वह पढ़ाई के साथ-साथ अभिनय भी करना चाहते हैं। भविष्य में उसकी योजना फिल्म के निर्देशन और निर्माण में भी उतरने की है।

## आइआइटी बॉम्बे के अभियान को मिला एक लाख डॉलर का इनाम

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अक्तूबर।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) बॉम्बे के प्रोफेसर प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी के अभियान सौर ऊर्जा थ्रो लोकलाइजेशन फोर सस्टेनबिलीटी (सोल्स) को अमेरिका के इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स संस्थान (आइइइइ) की ओर से एक लाख अमेरिकी डॉलर (वर्तमान में 71 लाख रुपए) का इनाम मिला है। इस अभियान के तहत इस साल गांधी जयंती पर पूरी दुनिया में 9 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ सौर लैंप बनाई थी। इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी जगह मिली है।

प्रोफेसर सोलंकी ने बताया कि आइइइइ की ओर से सोल्स को एक अरब लोगों को सशक्त करने के विषय पर 28 सितंबर से 1 अक्तूबर के बीच एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में 70 देशों की 459 टीमों ने भाग लिया था। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की कठिन परीक्षण के बाद पांच क्षेत्रों के लिए 23 टीम फाइनल में पहुंची थीं। दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए आइआइटी बॉम्बे के सोल्स अभियान को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# सईद ने गिरफ्तारी को दी चुनौती, नोटिस जारी

लाहौर, 7 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान की अदालत ने सोमवार को पंजाब सरकार और आतंक रोधी विभाग (सीटीडी) को नोटिस जारी कर आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाले मुंबई हमले के मुख्य सरगना और जेयूडी प्रमुख हाफिज सईद की याचिका पर 28 अक्तूबर तक जवाब देने को कहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी हाफिज सईद को आतंकवाद को वित्तीय मदद मुहैया कराने के लिए 17 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। कड़ी सुरक्षा में उसे लाहौर की कोट लखपत जेल में रखा गया है।

सुनवाई के बाद अदालत के अधिकारी ने बताया, 'लाहौर हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मोहम्मद कासिम खान के नेतृत्व वाले पीठ ने सईद और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई की। अदालत ने पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस के सीटीडी को नोटिस जारी कर मुद्दे पर 28 अक्तूबर तक जवाब दाखिल करने को कहा।' जमात उद दावा (जेयूडी) प्रमुख की ओर से पेश वकील एके डोगर ने कहा कि आतंक के वित्तपोषण के लिए प्राथमिकी में नामजद सईद और 67 अन्य आतंकवादी नहीं है। सईद का लश्करे तैयबा (एलईटी) या अलकायदा से कोई जुड़ाव नहीं है। असल में उनके मालिकाना हक वाली संपत्तियां मदरसे की हैं। वकील ने आतंक के वित्तपोषण के संबंध में सईद और अन्य के खिलाफ सभी 23 प्राथमिकी खारिज करने का अनुरोध किया।

## आरे प्रदर्शनकारी रिहा, धारा 144 में ढील

मुंबई, 7 अक्तूबर (भाषा)।

आरे कॉलोनी में 'मेट्रो कार शेड' बनाने के लिए पेड़ों की कटाई के दौरान कथित तौर पर पुलिस कर्मियों को रोकने और उन पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार 29 प्रदर्शनकारियों को सोमवार जमानत के बाद रिहा कर दिया गया और धारा 144 में ढील दी गई। उधर पर्यावरण कार्यकताओं ने मांग की है कि पेड़ काटने के लिए मेट्रो परियोजना के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाए और उचित कार्रवाई की जाए। वहीं सुप्रीम कोर्ट के सोमवार को पेड़ काटने पर रोक लगाने के फैसले का विभिन्न राजनैतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया है।

अवकाशकालीन अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एचसी शिंदे ने रविवार को कुछ शर्तों के साथ प्रदर्शनकारियों को रिहा करने का आदेश दिया था जिनमें। सात हज़ार रुपये का निजी मुचलका और यह आश्वासन शामिल है कि वे प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लेंगे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आदेश का पालन करते हुए ठाणे सेंट्रल जेल में बंद 24 प्रदर्शनकारियों के साथ भायखला जेल से पांच महिला प्रदर्शनकारियों को सोमवार तड़के रिहा कर दिया गया। मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) द्वारा पेड़ों की कटाई का विरोध कर रहे पर्यावरण कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प के चलते शुक्रवार रात और शनिवार को ये गिरफ्तारियां की गई थीं। मुंबई पुलिस के प्रवक्ता प्रणय अशोक ने कहा, 'हमने धारा144 पूरी तरह नहीं हटाई है, लेकिन स्थानीय लोगों को आने-जाने की अनुमति दे दी गई है। आरे में अवैध तरीके से एकत्रित होने या किसी के भी कानून का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।'

## पूर्व विधायक के बेटे समेत छह लोगों को 10 साल की कैद

अमदाबाद, 7 अक्तूबर (भाषा)।

● पाटन के पूर्व विधायक भावसिंह राठौड़ के बेटे किशोरसिंह राठौड़, नरेंद्र कच्चा, मनोजन जैन, पुनीत सिंघी, जय मुखी और भरतसिंह काठिया को दस साल की कैद की सजा सुनाई।

अमदाबाद की एक अदालत ने शहर के बाहरी इलाके की एक फैक्टरी से 270 करोड़ रुपए मूल्य की 1,364 किलोग्राम एफेड्रिन जब्त होने के मामले में गुजरात के एक पूर्व विधायक के बेटे समेत छह लोगों को सोमवार को दस साल की कैद की सजा सुनाई।

अतिरिक्त जिला न्यायाधीश आ पी एस राघव ने पाटन के पूर्व विधायक भावसिंह राठौड़ के बेटे किशोरसिंह राठौड़, नरेंद्र कच्चा, मनोजन जैन, पुनीत सिंघी, जय मुखी और भरतसिंह काठिया को मादक पदार्थ निरोधक एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत दस साल की कैद की सजा सुनाई।

अदालत ने उन पर दो-दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। सुनवाई के दौरान 43 गवाहों ने गवाही दी।

गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते और अमदाबाद अपराध शाखा ने अप्रैल, 2016 में एफेड्रिन जब्त किया था और कच्चा को गिरफ्तार किया था।

अभियोजन के अनुसार किशोरसिंह राठौड़ ने कच्चा को पार्टी ड्रग मेटामफेटामिन तैयार करने के काम पर लगाया था। अभियोजन पक्ष ने अदालत से कहा कि किशोरसिंह राठौड़ सिंघी, जैन और मुखी के साथ मिलीभगत में ड्रग रैकेट चलता था। सिंघी, जैन और मुखी को महाराष्ट्र की ठाणे पुलिस ने सोलापुर की एक फैक्टरी से 2000 करोड़ कुपए की एफेड्रिन जब्त होने के सिलसिले में गिरफ्तार किया था।

किशोरसिंह को जनवरी, 2017 में राजस्थान और मध्यप्रदेश की सीमा पर चंबल क्षेत्र से एटीएस ने पकड़ा। उससे पहले वह कई महीनों तक गिरफ्तारी से बचता फिरता रहा था। उसके पिता भावसिंह राठौड़ कांग्रेस के टिकट पर 2007 में गुजरात विधानसभा चुनाव जीता था लेकिन वह पाटन सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 2009 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। वह लोकसभा चुनाव हार गए।

## तालिबान ने अपने 11 सदस्यों के बदले तीन भारतीय बंधकों को रिहा किया

पेज 1 का बाकी

में से एक को मार्च में छोड़ दिया गया था। समाचार एजंसी 'एसोसिएटिड प्रेस' ने खबर दी है कि तालिबान के सदस्यों को काबुल के उत्तरी हिस्से स्थित बगराम सैन्य अड्डे की जेल से रिहा किया गया है। यह देश की सबसे बड़ी जेलों में से एक है। अमेरिकी सैनिकों ने वर्षों पहले इस अड्डे को अफगान सुरक्षा को बलों को सौंप दिया था लेकिन इसमें अब भी अमेरिकी बलों की मौजूदगी है। यह स्पष्ट नहीं है कि तालिबान के सदस्यों को अमेरिकी बलों ने छोड़ा है या अफगानिस्तान के सैनिकों ने। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रपति कार्यालय ने घटनाक्रम पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। तालिबान के सदस्यों ने बताया कि तालिबान के शेख अब्दुर रहीम और मावलवी अब्दुर रशीद को भी रिहा किया गया है।

## धन-शोधन मामले में उच्च स्तरीय समिति गठित

पेज 1 का बाकी

इसमें शामिल हैं। समिति का काम सरकार और कानून अनुपालन एजंसियों के बीच सिर्फ समन्वय बनाना नहीं होगा, बल्कि समिति मनी-लॉन्ड्रिंग रोकथाम और आंतकवाद के लिए वित्तपोषण को रोकने से जुड़ी नीतियों के विकास और लागू करने का भी काम करेगी। समिति में राजस्व सचिव के अलावा वित्तीय सेवा विभाग, आर्थिक मामले विभाग, कारपोरेट मामलों के मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के सचिव शामिल होंगे।

इसके अलावा गृह मामलों के आसूचना ब्यूरो के निदेशक, सेबी के चेयरमैन, इरडा के चेयरमैन, रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर (बैंकिंग नियमन), केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमाशुल्क बोर्ड के चेयरमैन, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन, गृह मंत्रालय के विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा), सदस्य (बैंकिंग एवं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण), डाक विभाग के सदस्य भी शामिल होंगे। प्रवर्तन एजंसियों में प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक, राष्ट्रीय जांच एजंसी के महानिदेशक, वित्तीय आसूचना इकाई-भारत के निदेशक, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय के निदेशक और आर्थिक आसूचना ब्यूरो के महानिदेशक भी इसमें शामिल होंगे। राजस्व विभाग का वित्तीय कार्रवाई कार्यबल प्रकोष्ठ इस समिति के सचिवालय का काम करेगा। सरकार ने धन शोधन रोधक अधिनियम 2002 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए इस समिति का गठन किया है।

## आइपीसी में भी दर्ज हो सकता है मामला

पेज 1 का बाकी

घटक अलग-अलग हैं और अपराधी के खिलाफ दोनों के तहत अपराधी पर मुकदमा चलाया जा सकता है और एक-दूसरे से स्वतंत्र होकर दंडित किया जा सकता है।

पीठ ने कहा, 'विशेष कानून के सामान्य कानून पर प्रभावी होने का सिद्धांत आइपीसी और मोटर वाहन अधिनियम के तहत सड़क दुर्घटना के अपराध के मामलों पर लागू नहीं होता है।' पीठ की तरफ से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति मल्होत्रा ने कहा, 'हमारी राय में आइपीसी और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के बीच कोई विरोधाभास नहीं है। दोनों कानून बिल्कुल अलग-अलग क्षेत्रों में काम करते हैं। दोनों कानून के तहत अपराध अलग-अलग और एक-दूसरे से पृथक हैं। दोनों कानूनों के तहत दंड भी स्वतंत्र और एक-दूसरे से अलग है।'

शीर्ष अदालत ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के निर्देश को भी निरस्त कर दिया, जिसने असम, नगालैंड, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश को अपने अधीनस्थ अधिकारियों को उचित निर्देश जारी करने को कहा है कि वे मोटर वाहन दुर्घटनाओं से संबंधित अपराधों के लिए अपराधियों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत मुकदमा चलाएं, न कि आइपीसी के तहत।

## संपत सिंह ने भी कांग्रेस छोड़ी, भाजपा में जाने की अटकलें

पेज 1 का बाकी

सरकार में मंत्री रहे सिंह क्षेत्रीय पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि 2009 में राज्य में पार्टी के सत्ता में आने में उन्होंने मदद की थी लेकिन उन्हें उचित सम्मान नहीं मिला। वह आगामी चुनावों में नलवा विधानसभा क्षेत्र से टिकट चाह रहे थे लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया।

सिंह ने कहा कि उन्हें आश्चर्य है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हिसार जिले में टिकट आबंटन में हस्तक्षेप नहीं किया। संपत सिंह के भाजपा में शामिल होने के बारे में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से रविवार को रोहतक में पूछने पर उन्होंने कहा, 'वह अच्छे व्यक्ति हैं।

## सभी बंदियों की बिना शर्त रिहाई हो : फारूक

पेज 1 का बाकी

जाने के बाद से हिरासत में लिए गए और नजरबंद किए गए सभी लोगों की बिना शर्त रिहाई की मांग रखी है।नेशनल कांफ्रेंस के एक शिष्टमंडल की रविवार को फारूक अब्दुल्ला से हुई मुलाकात के बाद सोमवार को पार्टी ने एक बयान में यह बात कही। नेकां के प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष ने शिष्टमंडल से कहा कि राज्य के लोगों ने विशेष दर्जा समाप्त किए जाने पर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जता दिया है।

# भारत को मिला स्विस खाताधारकों का ब्योरा

पेज 1 का बाकी

करा लिया है। स्विट्जरलैंड सरकार इन सभी के बाबत गोपनीयता प्रावधान के तहत सूचना साझा करने के लिए तैयार है, जिसके बारे में भारतीय अधिकारियों ने कर चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में सूचनाएं मुहैया कराई हैं। इन लोगों में वाहन, रसायन, कपड़ा, भवन निर्माण, स्टील उत्पाद और ज्वैलरी से जुड़े बड़े-बड़े व्यापारियों के नाम शामिल हैं। पिछले अगस्त महीने में स्विस अधिकारियों का एक दल भारत में मौजूद था और ऐसा समझा जाता है कि भारतीय अधिकारियों ने सूचनाओं के स्वचालित आदान-प्रदान (एईओआइ) की नई नियमित व्यवस्था के तहत कुछ सूचनाएं उनसे साझा की और दोनों देशों के बीच कुछ प्रभावी कदम उठाने को लेकर चर्चा हुई जिसमें कुछ विशेष मामले में कर चोरी व वित्तीय अनियमितताएं संबधी सूचनाओं को लेकर भारत ने स्विस अधिकारियों से विशेष अनुरोध किया।

एफटीए प्रवक्ता ने कहा कि इस व्यवस्था के तहत अगली सूचना सितंबर, 2020 में साझा की जाएगी। हालांकि, सूचनाओं के इस आदान-प्रदान की कड़े गोपनीयता प्रावधान के तहत निगरानी की जाएगी। एफटीए के अधिकारियों ने भारतीयों के खातों की संख्या या उनके खातों से जुड़ी वित्तीय संपत्तियों का ब्योरा साझा करने से इनकार किया। कुल मिलाकर एफटीए ने भागीदार देशों को 31 लाख वित्तीय खातों की सूचना साझा की है। वहीं स्विट्जरलैंड को करीब 24 लाख खातों की जानकारी प्राप्त हुई है। साझा की गई सूचना के तहत पहचान, खाता और वित्तीय सूचना शामिल है। इनमें निवासी के देश, नाम, पते और कर पहचान नंबर के साथ वित्तीय संस्थान, खाते में शेष और पूंजीगत आय का ब्योरा दिया गया है।

स्विट्जरलैंड सरकार ने अलग से बयान में कहा कि इस साल एईओआइ के तहत 75 देशों के साथ सूचना का आदान-प्रदान किया गया है। इनमें से 63 देशों के साथ यह परस्पर आदान-प्रदान है। करीब 12 देश ऐसे हैं जिनसे स्विट्जरलैंड को सूचना तो प्राप्त हुई है लेकिन उसने उनको कोई सूचना नहीं भेजी है क्योंकि ये देश गोपनीयता और डेटा सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय अनिवार्यताओं को पूरा नहीं कर पाए हैं। इन देशों में बेलीज, बुल्गारिया, कोस्टा रिका, कुरासाओ, मोंटेसेराट, रोमानिया, सेंट विन्सेंट, ग्रेनेडाइंस और साइप्रस शामिल हैं।

इसके अलावा बरमूडा, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड, केमैन आइलैंड, तुर्क्स एंड कैकोज आइलैंड आदि देशों ने सूचना नहीं मांगी है, इसलिए उन्हें खातों का ब्योरा साझा नहीं किया गया है। एफटीए ने बैंकों, न्यासों और बीमा कंपनियों सहित करीब 7,500 संस्थानों से ये आंकड़े जुटाए हैं। पिछले साल की तरह इस बार भी सबसे अधिक सूचनाओं का आदान-प्रदान जर्मनी को किया गया है। बयान में कहा गया है कि एफटीए वित्तीय संपत्तियों के बारे में कोई सूचना नहीं देता है।

भारत के नागरिकों के बारे में साझा की गई सूचनाओं के बाबत एफटीए प्रवक्ता ने कहा कि सांख्यिकी आंकड़े भी गोपनीयता के प्रावधान के तहत आते हैं। एफटीए ने कहा कि अगले साल इस व्यवस्था के तहत 90 देशों के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। स्विट्जरलैंड में एईओआइ को कानूनी आधार पर पहली बार एक जनवरी, 2017 को क्रियान्वित किया गया था। आदान-प्रदान के जरिए हासिल सूचनाओं के जरिए कर अधिकारी इस बात का पता लगा सकते हैं कि क्या करदाता ने अपने कर रिटर्न में विदेशों में अपने वित्तीय खाते का सही ब्योरा दिया है। इस व्यवस्था के तहत पहली बार सूचना का आदान-प्रदान सितंबर, 2018 में 36 देशों के साथ किया गया था। आर्थिक सहयोग व विकास संगठन का वैश्विक मंच एईओआइ क्रियान्वयन की समीक्षा करता है।

## इमरान को नाखुश शहजादे से झटका

पेज 1 का बाकी

प्रधानमंत्री की कूटनीति के कुछ आयामों की वजह से वली अहद मोहम्मद बिन सलमान इतने विमुख हो गए कि वह इमरान खान, रजब तैयब एर्दोआन और महातिर मोहम्मद की इस्लामिक ब्लॉक में संयुक्त रूप से प्रतिनिधित्व करने की योजना से और उनकी स्पष्ट मंजूरी के बिना ईरान के साथ पाकिस्तान की बातचीत से खुश नहीं हुए। उन्होंने पाकिस्तान के शिष्टमंडल को अपने निजी विमान से उतारने का आदेश देकर इमरान को जाहिर तौर पर झिड़की दी।' पाकिस्तान सरकार ने अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट को साफ तौर पर खारिज कर दिया है। पाकिस्तान सरकार के प्रवक्ता ने रविवार को यहां बयान में कहा, 'यह पूरी तरह गलत है और इसमें जरा भी सचाई नहीं है।' शुक्रवार को प्रकाशित लेख में यह भी दावा किया गया कि खान की यात्रा के कुछ ऐसे परिणाम भी थे जिनकी अपेक्षा नहीं थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने आरे कॉलोनी में पेड़ कटाई पर रोक लगाई

पेज 1 का बाकी

का गठन किया था। उसी पीठ ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। दशहरे के अवसर पर न्यायालय में एक सप्ताह का अवकाश है।

बंबई हाई कोर्ट ने चार अक्तूबर को आरे कॉलोनी को वन घोषित करने से इनकार कर दिया और मेट्रो शेड स्थापित करने के लिए हरित क्षेत्र में 2,600 से अधिक पेड़ों की कटाई की अनुमति देने के मुंबई नगर निगम के फैसले को खारिज करने से इनकार कर दिया। हरित कार्यकताओं और स्थानीय निवासियों ने पेड़ों की कटाई का विरोध किया है।

फैसले को चुनौती देने वाली गैर सरकारी संगठनों और कार्यकर्ताओं की चार याचिकाओं को हाई कोर्ट द्वारा खारिज करने के कुछ घंटों बाद मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने पेड़ों की कटाई शुरू कर दी थी। इसको लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।

पेड़ों की कटाई के दौरान कथित रूप से बाधा डालने और पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में 29 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय अदालत से जमानत मिलने के बाद उन्हें सोमवार सुबह जेल से रिहा कर दिया गया।

महाराष्ट्र और मुंबई के नागरिक निकाय की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति अशोक भूषण के विशेष पीठ के समक्ष कहा कि मेट्रो शेड के लिए जितनी पेड़ों की कटाई करनी थी, वह पहले ही की जा चुकी है। अब वे और पेड़ नहीं काटेंगे। पीठ ने कहा, 'हम इसका फैसला करेंगे। अब और पेड़ नहीं काटें।' पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख तक यथास्थिति बनाए रखने को कहा।

पीठ ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य की ओर से पेश तुषार मेहता, सॉलिसिटर जनरल ने कहा है कि सुनवाई की अगली तारीख तक और पेड़ नहीं काटे जाएंगे। इस स्थिति में यह बयान काफी उचित है। इस मामले में अगली सुनवाई 21 अक्तूबर को होगी।

विपक्षी राकांपा नेता सुप्रिया सुले ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। शिवसेना ने फैसले को पर्यावरणविदों के लिए नैतिक जीत बताया।

## राजनाथ सिंह के बयान पर पाक ने जताई आपत्ति

इस्लामाबाद, 7 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान ने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाल में दिए गए इस बयान पर आपत्ति जताई कि एफएटीएफ किसी भी वक्त पड़ोसी देश को काली सूची में डाल सकता है। पाकिस्तान ने इसे अंतरराष्ट्रीय धनशोधन निगरानी संस्था के कामकाज को राजनीतिक रंग देने का भारत का प्रयास बताया।पेरिस स्थित फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने पाकिस्तान को पिछले साल ग्रे सूची में डाल दिया था। उस समय पाकिस्तान को अक्तूबर 2019 तक पूरा करने के लिए एक कार्ययोजना सौंपी गयी थी और ऐसा नहीं करने पर ईरान तथा उत्तर कोरिया के साथ काली सूची में डाले जाने के खतरे का सामना करने की चेतावनी दी गयी थी।

राजनाथ सिंह ने पिछले सप्ताह रक्षा लेखा विभाग दिवस के अवसर पर कहा था कि एफएटीएफ किसी भी समय पाकिस्तान को आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए काली सूची में डाल सकता है।

विदेश कार्यालय (एफओ) ने एक बयान में कहा कि सिंह के बयान एफएटीएफ की कार्यवाही को राजनीतिक रंग देने की भारत की कोशिशों को लेकर पाकिस्तान की चिंता को पुष्ट करते हैं। उसने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत का यह रुख और स्पष्ट भेदभाव एशिया-प्रशांत संयुक्त समूह की सह-अध्यक्षता करने की भारत की प्रामाणिकता पर भी सवाल खड़ा करते हैं जो एफएटीएफ की कार्ययोजना को लागू करने में पाकिस्तान की प्रगति की समीक्षा करता है।

एफओ ने कहा, 'इस संबंध में हमारी चिंताओं से पहले भी एफएटीएफ के सदस्यों को अवगत कराया गया था।'

## स्थायी समिति को भेजा प्रवासी विवाह पंजीकरण विधेयक

पेज 1 का बाकी

रद्द किया जा सकता है। इसके अलावा, यह अदालतों को अधिकार देता है कि 'घोषित अपराधियों' या जो लोग वारंट जारी होने के बावजूद अदालत में हाजिर नहीं होते हैं, उनकी संपत्तियों को कुर्क किया जा सकता है।

इस विधेयक के अनुसार प्रस्तावित कानून भारतीय महिलाओं के साथ भारत के भीतर या बाहर शादी करने वाले एनआरआई पुरुषों पर लागू होगा।

लोकसभा सचिवालय ने एक बुलेटिन में बताया, 'सदस्यों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा सभापति के साथ सलाह-मशविरा करने के बाद प्रवासी भारतीय विवाह पंजीकरण विधेयक, 2019, जिसे राज्यसभा में पेश किया जा चुका है, उसे विचार और दो माह के भीतर रिपोर्ट देने के लिए विदेश मंत्रालय की स्थायी समिति के पास भेज दिया है।'

भारतीय महिलाओं के प्रवासी भारतीयों के साथ विवाह में धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर राज्यसभा में यह विधेयक इस साल फरवरी में लाया गया था।

# 'ग्रे लिस्ट' में पाक का नाम बरकरार रहने की संभावना

पेज 1 का बाकी

पहले शनिवार को एपीजी ने 228 पन्नों वाली यह बहुप्रतीक्षित 'परस्पर मूल्यांकन रिपोर्ट' जारी की है। पाकिस्तान को पिछले साल जून में ग्रे लिस्ट में रखा गया था और उसे कार्ययोजना दी गई थी जिसे उसे अक्तूबर, 2019 तक पूरा करना था। ऐसा नहीं करने पर उसे ईरान और उत्तर कोरिया की तरह काली सूची में डाले जाने की बात कही गई थी। पाकिस्तान द्वारा एपीजी को इस दिशा में प्रगति दिखाने की अंतिम तारीख अक्तूबर, 2018 थी और पाकिस्तान के अधिकारियों ने जोर देकर कहा था कि उन्होंने पिछले साल इस दिशा में अच्छी प्रगति की है।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर में कहा गया कि रिपोर्ट के मुताबिक धनशोधन और आतंकियों के वित्तपोषण पर लगाम लगाने से संबंधित एफएटीएफ की 40 अनुशंसाओं में से पाकिस्तान ने पूरी तरह से सिर्फ एक का अनुपालन किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि नौ पर उसने काफी हद तक काम किया जबकि 26 अनुशंसाओं पर आंशिक रूप से काम हुआ और चार सिफारिशों पर कोई काम नहीं किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान में धनशोधन और आतंक के वित्तपोषण का काफी जोखिम है और उसे इन जोखिमों को लेकर अपनी समझ में सुधार करना होगा। ये जोखिम देश में संचालित विभिन्न आतंकी संगठनों से भी है।

एपीजी रिपोर्ट के मुताबिक, 'एपीजी रिपोर्ट के बाद इसकी काफी संभावना है कि पेरिस में 13 से 18 अक्तूबर के बीच होने वाली एफएटीएफ की पूर्ण बैठक के दौरान पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में ही बरकरार रखा जाए।' रिपोर्ट में कहा गया, 'इन विरोधी बातों के सामने आने के बाद एपीजी ने पहले ही पाकिस्तान को अपनी 'एक्सिपडाइट एनहांस फॉलो-अप रिपोर्टिंग' सूची में रखने का फैसला किया है।' रिपोर्ट पाकिस्तान के इस आकलन से भी संतुष्ट नहीं है कि वहां धनशोधन और आतंक के वित्तपोषण का 'मध्यम' जोखिम है। पाकिस्तान ने अपनी राष्ट्रीय जोखिम आकलन रिपोर्ट में यह नहीं माना था कि आतंकवाद को वित्तपोषण और समर्थन का बड़ा जोखिम है।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति ने विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और उपराष्-ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने दशहरे के अवसर पर सोमवार को देशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का उत्सव है ।

राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा, 'विजयदशमी के पावन अवसर पर, मैं अपने सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं और उनके लिए सफलता, समृद्धि व खुशहाली की कामना करता हूं।' उन्होंने कहा, 'यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का उत्सव है। यह हमें ईमानदारी और सच्चाई के मूल्यों द्वारा जीने के लिए प्रेरित करता है। भगवान राम का जीवन इन मूल्यों का सार है, जो आज के दौर के साथ-साथ सदा-सर्वदा कायम रहेगा। कोविंद ने कहा, 'मैं कामना करता हूं कि यह पर्व हमें राष्ट्र-निर्माण के लिए और एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करे, जो जरूरतमंदों और वंचित लोगों की देखभाल करे।'

# अब पूर्व सांसदों के घर खाली कराएगी पुलिस

पेज 1 का बाकी

संशोधित कानून के तहत पुलिस द्वारा उक्त संपत्ति को सख्ती से खाली कराने का प्रावधान है। अभी तक 40 पूर्व सांसदों ने बार-बार नोटिस भेजने के बावजूद सरकारी बंगले खाली नहीं किए हैं।

मांझी, पिछली लोकसभा में बिहार के गया संसदीय क्षेत्र से सांसद थे। उन्हें नॉर्थ एवेन्यू में 124 व 126 नंबर बंगला आबंटित किया गया था। इसके अलावा बुधवार को नॉर्थ एवेन्यू स्थित दो अन्य बंगलों को भी पुलिस की मदद से खाली कराया जाएगा। इन्हें पूर्व सांसदों के अतिथियों को आबंटित किया गया था। महत्त्वपूर्ण है कि पिछले सप्ताह सरकारी बंगला खाली नहीं करने वाले 50 पूर्व सांसदों को संपदा विभाग द्वारा 'कारण बताओ नोटिस' जारी कर तीन दिन में बंगला खाली करने या इसका जवाब देने का निर्देश दिया गया था। इनमें पूर्व सांसद दीपेंद्र हुड्डा, कमलनाथ और सपा की डिंपल यादव सहित दस पूर्व सांसदों ने बंगले खाली कर दिए हैं।

महत्त्वपूर्ण है कि मंत्रालय ने सख्त प्रावधानों वाले सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम के तहत 230 पूर्व सांसदों के सरकारी बंगले खाली कराने की कार्रवाई शुरू की थी। नए कानून की सख्ती के बाद पूर्व सांसद कामेश्वर सिंह ने भी सरकारी आवास छोड़ दिया है।

## पर्यटकों के लिए जारी सुरक्षा परामर्श वापस लेने का निर्देश

पेज 1 का बाकी

छोड़कर चले जाने का गृह विभाग विभाग का परामर्श तत्काल वापस लिया जाए। ऐसा दस अक्तूबर को तत्काल प्रभाव से किया जाएगा।' जम्मू कश्मीर प्रशासन ने दो अगस्त को एक सुरक्षा परामर्श जारी कर कश्मीर घाटी में आतंकवादी हमले की आशंका का हवाला देते हुए अमरनाथ यात्रियों और पर्यटकों से यथाशीघ्र कश्मीर छोड़कर चले जाने को कहा था।

## खबर कोना



मुंबई में सोमवार को एक कार्यक्रम में ला लिगा के ब्रांड दूत और उरुग्वे के महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो फोरलान।

### मुक्केबाज विजेंदर का अगला मुकाबला 22 नवंबर को

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर (भाषा)।

अमेरिकी पेशेवर सर्किट में जीत से आगाज करने के बाद भारतीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह दुबई में 22 नवंबर को रिंग में उतरेंगे लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी की अभी घोषणा नहीं की गई है। विजेंदर का अब तक का रिकार्ड 11-0 है जिसमें आठ नाकआउट शामिल हैं। वह अपना अजेय रेकार्ड बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। उनके इस मुकाबले का आयोजन अमेरिका में भारतीय प्रमोटर टॉप रैंक के सहयोग से राउंड 10 बॉक्सिंग और एमटीके ग्लोबल कर रहे हैं। विजेंदर ने जुलाई में अमेरिका में अपने पदार्पण मुकाबले में माइकल स्नाइडर को टेक्नीकल नाकआउट किया था। आयोजकों की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सुपर मिडिलवेट का यह मुक्केबाज अभी मैनचेस्टर में ट्रेनर ली बीयर्ड के साथ अभ्यास कर रहे हैं। विजेंदर ने कहा, मैंने विश्व खिताब की अपनी कवायद जारी रखी है। जुलाई के अपने प्रदर्शन पर मुझे गर्व है लेकिन मैं लंबे विश्राम के बाद वापसी कर रहा हूं।

### करिअर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे सुमित नागल

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी विश्व रैंकिंग में छह पायदान चढ़कर 129वें स्थान पर पहुंच गए जो उनके करिअर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। बाईस साल के नागल अभी शानदार फार्म में चल रहे हैं और उन्हें पिछले सप्ताह ब्राजील में एटीपी चैलेंजर कैम्पिनास के सेमी फाइनल में पहुंचने का फायदा मिला है। नागल पिछले महीने अर्जेंटीना के ब्यूनसआयर्स एटीपी चैलेंजर क्ले टूर्नामेंट का खिताब जीतने के बाद 26 पायदान की लंबी छलांग लगाकर 135वें स्थान पर पहुंचे थे। हरियाणा का यह युवा खिलाड़ी यूएस ओपन में के पहले दौर में रोजर फेडरर को कड़ी टक्कर देने के कारण चर्चा में आया था। भारत के अन्य खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। प्रजनेश गुणेश्वरन दो पायदान ऊपर 82वें और रामकुमार रामनाथन एक पायदान ऊपर 182वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### इंग्लैंड के नए मुख्य क्रिकेट कोच होंगे क्रिस सिल्वरवुड

लंदन, 7 अक्तूबर (एएफपी)।



इंग्लैंड ने क्रिस सिल्वरवुड को अपना नया मुख्य क्रिकेट कोच नियुक्त किया है। वह ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे जिनका अनुबंध पिछले महीने खत्म हो गया। इंग्लैंड के लिए 1996 से 2002 के बीच छह टैस्ट और सात एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 44 साल के सिल्वरवुड पिछले दो साल से इंग्लैंड टीम के तेज गेंदबाजी कोच की भूमिका निभा रहे थे। सिल्वरवुड की पहली प्रतिस्पर्धी शृंखला इंग्लैंड का न्यूजीलैंड दौरा होगी जिसमें नवंबर में पांच मैचों की टी-20 शृंखला के अलावा दो टैस्ट मैच खेले जाएंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन और सरे के क्रिकेट निदेशक एलेक स्टीवर्ट आस्ट्रेलिया के बेलिस की जगह लेने के दावेदार थे। इंग्लैंड के पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक एश्ले जाइल्स ने हालांकि सिल्वरवुड को 'असाधारण उम्मीदवार' करार दिया।

# पदक से एक जीत दूर मंजू रानी

उलान उदे (रूस), 7 अक्तूबर (भाषा)।

भारत की मंजू रानी ने सोमवार को यहां अंतिम 16 के मुकाबले में आसान जीत के साथ विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप के कवार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण कर रही मंजू इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक जीतने से अब सिर्फ एक जीत दूर हैं। छठी वरीय भारतीय मंजू ने वेनेजुएला की रोजास टेयोनिस सेडेनो को 5-0 से हराया।

क्वार्टर फाइनल में हालांकि मंजू की राह आसान नहीं होगी जहां उन्हें पिछली बार की कांस्य पदक विजेता और शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की किम हयांग मी से 10 अक्तूबर को भिड़ना है। रानी हालांकि सेडेनो के खिलाफ दमदार मुक्के लगाने के विफल रही लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने विरोधी खिलाड़ी की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। दोनों मुक्केबाजों ने रक्षात्मक रवैया अपनाया लेकिन मंजू के मुक्के अधिक सटीक थे। सोमवार को प्रतिस्पर्धा पेश करने उतरी एक अन्य भारतीय मुक्केबाज मंजू बमबोरिया (64 किग्रा) को हालांकि चौथी वरीय इटली की एंजेलो करिनी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मंजू बमबोरिया ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन इसके बावजूद उन्हें यूरोपीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीय खिलाड़ी को खंडित फैसले में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को छह बार की चैंपियन एमसी मैरी कोम (51 किग्रा) प्री क्वार्टर में अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की जुतामस जितपोंग के खिलाफ करेंगी। तीसरी वरीय भारतीय को पहले दौर में बाई मिली है। पूर्व रजत पदक विजेता स्वीटी बूरा 75 किग्रा वर्ग में दूसरी वरीय वेल्स की लारेन प्रिंस से भिड़ेंगी।



**विश्व महिला मुक्केबाजी** चैंपियनशिप में वेनेजुएला की रोजास टेयोनिस सेडेनो को 5-0 से धाराशायी कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं मंजू रानी।

# करुणाकरण, अन्य भारतीय शटलर की अच्छी शुरुआत

कजान (रूस), 7 अक्तूबर (भाषा)।

सतीश करुणाकरण, मेसनाम मेइराबा और प्रणव राव गंधाम के सोमवार को 21वीं बीडब्लूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में जीत दर्ज करने से भारतीयों ने एकल अभियान शानदार शुरुआत की।

टूर्नामेंट में सातवें वरीय मेइराबा को रोमानिया के टियोडोर सिरोरोबाईयू को 21-4, 21-3 से हराने में जरा भी मशक्कत नहीं करनी पड़ी। विश्व जूनियर रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज इस मणिपुरी को पहले दौर में बाई मिली थी। उन्होंने मैच खत्म करने में 15 से भी कम मिनट का समय लिया जिससे वह राउंड 64 में पहुंच गए। करुणाकरण को भी युगांडा के प्रतिद्वंद्वी सैमुअल वसावा को 21-6, 21-5 से हराने में कोई मशक्कत नहीं करनी पड़ी जबकि प्रणव राव ने आर्मेनिया के अरमान वरदानयान को पहले दौर के मैच में 21-10, 21-6 से शिकस्त दी।

लड़कों के एकल वर्ग में मौजूदा अंडर-17 एकल राष्ट्रीय चैम्पियन रोहन गुरबानी ने 16 मिनट तक चले मुकाबले में लातविया के एलेन्स जांडोवस्कीस को 21-6, 21-3 से पराजित किया। पिछले चरण में लक्ष्य सेन ने कांस्य पदक जीता था। अभी तक साइना नेहवाल ही विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में भारत को एकमात्र स्वर्ण पदक दिला सकी हैं।



**विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप** में युगांडा के सैमुअल वसावा को 21-6, 21-5 से हराया सतीश करुणाकरण ने

# कबड्डी को ओलंपिक 2024 में शामिल करवाने की कोशिश करेंगे : रिजिजू

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर (भाषा)।

खेल मंत्री कीरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार पेरिस में 2024 में होने वाले ओलंपिक खेलों में कबड्डी को शामिल कराने के लिए अपनी तरफ से हर संभव कोशिश करेगी।

रिजिजू ने रविवार को कहा, कबड्डी इसका सटीक उदाहरण है कि किस तरह से ग्रामीण स्तर का खेल सफलतापूर्वक आगे बढ़ता है। यह मुझे खेल संस्कृति की शुरुआत लगती है जिसकी हमने भारत के लिए कल्पना की थी और अब जो वास्तविकता बनती जा रही है। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, कबड्डी अगले ओलंपिक का हिस्सा बने इसके लिए हम अपनी तरफ से हरसंभव प्रयास करेंगे। खेल मंत्री ने नहीं बताया कि यह कैसे संभव होगा क्योंकि ओलंपिक में किसी नए खेल को शामिल करना काफी लंबी और जटिल प्रक्रिया है जिसके लिए बहुत लाबिंग करनी पड़ती है। सबसे पहले खेल को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) से मान्यता मिलनी चाहिए। इसके बाद उसकी शासकीय संस्था को आइओसी से अंतरराष्ट्रीय महासंघ की मान्यता लेनी होगी। यह महासंघ इसके बाद ओलंपिक खेल के रूप में शामिल करने के लिए आवेदन करेगा। यही नहीं आइओसी के लुसाने में 25 जून के सत्र में आइओसी ने कहा कि ओलंपिक खेल 2024 के कार्यक्रम में शामिल करने के लिए किसी अन्य खेल की सिफारिश नहीं की जा सकती है।



# स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का वैश्विक साझेदार बना बीकेटी

मुंबई, 7 अक्तूबर (भाषा)।

स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के साथ भारतीय टायर निर्माता कंपनी बॉलकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीकेटी) ने अगले तीन सत्र के लिए आधिकारिक वैश्विक साझेदार के रूप में करार किया है। यह करार तीन पूर्णकालिक सत्र के लिए होगा जो 2022 तक चलेगा।

इसके बारे में ला लिगा इंडिया के प्रबंध निदेशक होजे अंतोनियो साजा ने कहा, हमें क्रिकेट की दीवानगी के बीच फुटबॉल को आमजन का खेल बनाना है और इसके लिए यह साझेदारी काफी अहम है। उन्होंने कहा, हमारी साझेदारी के तहत हम जमीनी स्तर पर भी काम करेंगे और भविष्य में रीयाल मैड्रिड, बार्सीलोना जैसे बड़े क्लबों के खिलाड़ी भारत आएंगे।

ला लिगा के ब्रांड दूत और उरुग्वे के महान फुटबॉलर डिएगो फोरलान ने कहा, भारत में वैश्विक फुटबॉल की शक्ति बनने का माद्दा है। मैंने भारत में खिलाड़ियों में वह जुनून देखा है और यहां खेल के अनुकूल माहौल बन रहा है। उम्मीद है कि आने वाले समय में हम भारतीय खिलाड़ियों को वैश्विक लीगों में खेलते देखेंगे।

# अमेरिका को निया अली ने दिलाए तीन और स्वर्ण

दोहा, 7 अक्तूबर (एएफपी)।

फर्राटा धाविका निया अली के 100 मीटर बाधा दौड़ में खिताब सहित अमेरिका ने रविवार को यहां समाप्त हुई विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन भी दबदबा बरकरार रखते हुए तीन स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले।

निया ने खलीफा स्टेडियम में 12.34 सेकेंड का समय निकालकर विश्व रेकार्डधारक केनी हैरिसन को पीछे छोड़ा।

दो बच्चों की मां 30 साल की निया ने कहा, मैंने बच्चों के जन्म के बाद कड़ी मेहनत की थी। इन महिलाओं (प्रतिद्वंद्वियों) ने प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ा दिया था, इसलिए मैं जानती थी कि मुझे क्या करना है। अमेरिका ने अंतिम दिन कुल तीन स्वर्ण पदक जीते और वह चैंपियनशिप में कुल 14 स्वर्ण, 11 रजत और चार कांस्य पदक लेकर शीर्ष पर रहा। अमेरिका ने दिन के दो अन्य स्वर्ण पदक महिला और पुरुष दोनों वर्ग की चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में जीते। कीनिया दूसरे स्थान पर रहा। उसने पांच स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक हासिल किए। जमैका तीन स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक लेकर तीसरे स्थान पर रहा। चीन ने तीन स्वर्ण सहित नौ पदक जीते और उसे चौथा स्थान मिला। इसके साथ ही मध्यपूर्व में पहली बार आयोजित की गई यह चैंपियनशिप भी समाप्त हो गई।



**विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में** 100 मीटर बाधा दौड़ में विश्व रेकार्डधारक केनी हैरिसन को पीछे छोड़ा

# रोहित की तरह करिअर के शुरू में मध्यक्रम के बल्लेबाज थे कई दिग्गज ओपनर

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर (भाषा)।

अपने करिअर के पहले 27 टैस्ट मध्यक्रम में खेलने के बाद सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे रोहित शर्मा अब ग्रीम स्मिथ, वीरेंद्र सहवाग, ग्राहम गूच, क्रिस गेल, सनथ जयसूर्या और मर्वन अटापट्टू जैसे अपने जमाने के दिग्गज ओपनरों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने अपने टैस्ट करिअर की शुरुआत मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में की थी।

रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विशाखापत्तनम में पहले टैस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जड़कर सलामी बल्लेबाज के रूप में धमाकेदार आगाज किया। वह पिछले छह साल से भी अधिक समय से सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत के लिए पारी की शुरुआत करते हैं लेकिन वर्षों पहले सहवाग पर किए गए प्रयोग से प्रेरणा लेकर रोहित को टैस्ट मैचों में भी यह जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें वह पहली परीक्षा में सफल रहे। उन्होंने 176 और 127 रन की पारियां खेलकर कई नए रेकार्ड अपने नाम लिखवाए। रोहित ने इससे पहले 27 टैस्ट मैचों में मध्यक्रम में बल्लेबाजी की थी जिनमें वह केवल तीन शतक लगा पाए थे। यह सही है कि सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी असली परीक्षा विदेशों में होगी लेकिन तब तक वे मानसिक रूप से यह जिम्मेदारी संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएंगे।



रोहित ने कहा, मुझे दो साल पहले बताया गया था कि किसी चरण में मुझे पारी का आगाज करने के लिए कहा जा सकता है। इसलिए मैं भले ही टैस्ट में नहीं खेल रहा था लेकिन नेट्स पर नई गेंद का सामना करता था। रोहित पहले बल्लेबाज नहीं हैं जिन्हें मध्यक्रम से हटाकर शीर्ष क्रम में भेजा गया।

NxtGen
Infinite Datacenter
presents
The Indian EXPRESS EXCELLENCE IN GOVERNANCE AWARDS
INDIAN EXPRESS GROUP
HONOURING THE FINEST DISTRICT MAGISTRATES IN INDIA
CALL FOR ENTRIES
The Indian Express announces the second edition of The Indian Express Excellence in Governance Awards. The award celebrates District Magistrates across the nation who have been the agents of progress and change.
AWARD CATEGORIES
• Agriculture
• Border Districts
• Child Development
• Community Involvement
• Education
• Energy
• Entrepreneurship
• Health
• Implementation of Central Schemes
• Inclusive Innovation
• Jammu & Kashmir District
• Left Wing Extremism Districts
• North East Districts
• Skill Development
• Social Welfare
• Technology Implementation
• Water Management
• Women Development
To apply visit eigawards.indianexpress.com
LAST DATE FOR ENTRIES | DECEMBER 31, 2019
The Indian EXPRESS
JOURNALISM OF COURAGE
IndianExpress.com/apps twitter.com/IndianExpress facebook.com/IndianExpress

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 324, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।